


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01, अंक : 327 | रांची, बुधवार, 13 नवंबर 2024 (कार्तिक शुक्ल 12, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com






# आज लोकतंत्र का महापर्व, सोच समझकर करें मतदान

## रांची समेत 43 सीटों पर होगी वोटिंग, उत्साह के साथ जरूर करें अपने मताधिकार का इस्तेमाल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। आज यानी 13 नवंबर को पहले चरण में 43 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

पहले चरण के मतदान में इनकी किस्मत दांव पर : पहले चरण के मतदान में चंपाई सोरेन, बन्ना गुप्ता, सरयू राय, चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, रामदास सोरेन, पूर्णिमा दास, डॉ. अजय कुमार और मंगल कालिंदी जैसे दिग्गजों की किस्मत दांव पर है।

**सुबह साढ़े पांच बजे शुरू होगा मॉक पोल** : 43 विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर पीठासीन पदाधिकारी प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट की उपस्थिति में सुबह साढ़े पांच बजे से मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों से अपने पोलिंग एजेंट को अनिवार्य रूप से साढ़े पांच बजे से पहले बूथ पर भेजने के निर्देश देने का अनुरोध किया है।

**इन 43 सीटों पर मुकाबला** : पहलो चरण में 13 नवंबर को कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी।

### मतदान का समय

| शहरी क्षेत्र | ग्रामीण क्षेत्र |
| --- | --- |
| सुबह 07:00 से शाम 05:00 बजे | सुबह 07:00 से शाम 04:00 बजे |

### निर्भीक होकर करें मतदान: के. रवि कुमार



राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने दावा किया है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारी की गई है। उनके अनुसार, मतदाता निर्भीक होकर बिना कोई परेशानी के मतदान करें, इसकी पूरी व्यवस्था बूथ स्तर पर की गई है। बजुर्गों, दिव्यांगों और महिलाओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने परिवार और मित्रों के साथ अनिवार्य रूप से मतदान करें।

## वोटर आईकार्ड के बगैर भी दे सकेंगे वोट

- बस मतदाता सूची में नाम रहना ज़रूरी

कुमार राजेश

रांची। झारखंड में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होना है। इसे लेकर सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण कर रहे हैं। इस पर्ची पर मतदान स्थल, मतदान की तिथि व समय आदि का उल्लेख है, ताकि 13 नवंबर को मतदाताओं को बूथ पर जाने के पश्चात उन्हें वोट डालने में किसी तरह की कोई समस्या नहीं हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्योवासियों से 13 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की है। उन्होंने बताया है कि किसी कारणवश अगर किसी मतदाता के पास वोटर आईकार्ड नहीं है, लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वे मतदान कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निम्न 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

### इन दस्तावेजों की सहायता से कर सकेंगे मतदान

पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), बैंक/डाकघर द्वारा जारी फ़ोटो युक्त पासबुक, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), सांसद,विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, आधार कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### वोटिंग से पहले कांग्रेस और झामुमो के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण की वोटिंग से पहले भाजपा ने कांग्रेस और झामुमो के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है। प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस द्वारा मौन अवधि (साइलेंस पीरियड) में मैनिफेस्टो जारी करने पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की है। इसे लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है।

### प्रचार के दौरान मिथुन चक्रवर्ती का पर्स चोरी माइक से लौटाने की अपील



धनबाद। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को पहले चरण का मतदान होगा और 20 नवंबर को दूसरे चरण के लिए वोट डाले जाएंगे। इससे पहले सियासी दलों का ताबड़तोड़ प्रचार जारी है। इस बीच मंगलवार को एक्टर और बीजेपी नेता मिथुन चक्रवर्ती प्रचार करने धनबाद पहुंचे, जहां मंच पर किसी ने उनकी जेब काट ली और पर्स चोरी कर लिया। इससे बाद बीजेपी नेताओं ने मंच से ही अनाउंस किया कि जिसने भी मिथुन चक्रवर्ती का पर्स चोरी किया हो वे उसे लौटा दे। हालांकि उनके पर्स में कितने रुपये थे और क्या-क्या दस्तावेज थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

शेष पेज 08 पर

### केंद्रीय गृहमंत्री ने झरिया और बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में भरी हुंकार

# भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाएंगे : अमित शाह



- हजारों करोड़ रुपये का मनरेगा, शराब और खनन घोटाला हुआ
- झारखंड के युवाओं को 2 हजार करोड़ रुपये देंगे बेरोजगारी भत्ता

प्रातः नागपुरी संवाददाता

धनबाद। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा कि चुनाव में झारखंड की जनता को तय करना है, अपना घर भरने वाली जेएमएम सरकार चाहिए या फिर लखपति दीदी बनाने वाली बीजेपी सरकार चाहिए। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को धनबाद के झरिया और बाघमारा में जनसभा को संबोधित किया।

**भ्रष्टाचार और लूट करने वाले को उल्टा लटका कर सीधा करेंगे** : अमित शाह ने हेमंत सरकार को घेरते हुए कहा कि, कांग्रेस के नेताओं के घर 350 करोड़ रुपए पकड़े जाते हैं, उसके बाद 35 करोड़ पकड़े जाते हैं। ये पैसा झारखंड की गरीब जनता का है, लेकिन हेमंत सरकार इस पर चुप्पी साध लेती है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि, प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दो, भ्रष्टाचार और लूट करने वाले लोगों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम करेंगे। शेष पेज 08 पर

### जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी में भाई-भतीजावाद : जेपी नड्डा



इधर, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गिरिडीह जिले के बगोदर और जमुआ में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, झारखंड में भाजपा की हवा चल रही है, लोगों ने मन बना लिया है अब भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सरकार को सबक सिखाना है। उन्होंने कांग्रेस-झामुमो-आरजेडी की गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीरों ने अत्याचारी शासन को उखाड़ फैंकने का काम किया था। इस बार झारखंड की जनता झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। जहां भी झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकार है, वहां भ्रष्टाचार, परिवारवाद और भाई-भतीजावाद है। कांग्रेस- झामुमो-आरजेडी में गरीबों का हक लूटने वाले भ्रष्टाचारी लोग हैं।

### घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है झामुमो-कांग्रेस-राजद : हिमंता



उधर, असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने खिजरी विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सरमा ने कहा कि इस बार झारखंड का चुनाव हमारे देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि, झारखंड चुनाव की चर्चा पूरे देश में हो रही है, क्योंकि यहां घुसपैठ का मुद्दा सबसे बड़ा है। आज रांची में ईडी ने कई जगहों पर रेड की, जिस दौरान घुसपैठियों से जुड़े दस्तावेज बरामद बरामद किए गए। आज साहिबगंज और पाकुड़ जैसे जिलों में लगातार घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है।

### तोपचांची और दुलमी बाजारटांड़ में सीएम हेमंत ने जनसभा को किया संबोधित, कहा

# झारखंड के लोग न कभी बंटे हैं, न कभी टूटे हैं इस चुनाव में वोट के माध्यम से दम भर कूटेंगे

प्रातः नागपुरी संवाददाता



दुलमी/धनबाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से दुलमी बाजारटांड़ पहुंचे और वहां जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। साथ ही साथ कहा कि यूपी और असम के मुख्यमंत्री के साथ-साथ ओडिशा और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड में मंडरा रहे हैं। झारखंड में ये सभी गिद्ध की तरह मंडरा रहे हैं, जबकि महाराष्ट्र में भी चुनाव है, लेकिन सबकी नजर झारखंड पर बनी हुई है।

भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सिर्फ और सिर्फ उन्हें सत्ता चाहिए, यहां खनिज की संपदा यहां के लोगों को विस्थापित करना, यहां के जल जंगल जमीन को उजाड़ने का षड्यंत्र चल रहा है। बिहार में और उत्तर प्रदेश में उनकी सरकार है, असम में उनकी सरकार है, पूछिए उनसे कि वहां गैस सिलेंडर कितना में मिलता है। हेमंत सोरेन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री यहां आकर बोलते हैं बंटोगे तो कटोगे लेकिन झारखंड के लोग न कभी बंटा है न कभी टूटा है। लेकिन इस चुनाव में वोट के माध्यम से दम भर कूटेगा। हिन्दू मुस्लिम सिख इसाई का जहर डालने का काम करते हैं हम में फूट डालने का काम करते हैं। यह व्यापारियों की जमात देने वाली नहीं लेने वाला लोग है, ध्यान रखिएगा।

टुंडी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तोपचांची प्रखंड के मदैयडीह स्टेडियम में पहुंचे और चुनावी सभा को संबोधित किया। हेमंत सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार ने आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को लूटने का काम किया है।

मंईयां सम्मान योजना से झारखंड की महिलाओं तथा बहनों सभी को इसका लाभ मिल रहा है।

शेष पेज 08 पर

### केंद्रीय मंत्री का मंईयां सम्मान योजना पर कटाक्ष

# वोट के लिए फेंक रहे एक-एक हजार के टुकड़े : शिवराज सिंह

- धनबाद के सिंदरी में चुनावी सभा को किया संबोधित



धनबाद। झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धनबाद में सिंदरी विधानसभा के नेहरू मैदान में भाजपा प्रत्याशी तारा देवी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर प्रहार किया। झारखंड में हर महीने 11 तारीख को माताओं के खाते में पैसे आएंगे। यह भाजपा का प्रण है, पार्टी का संकल्प है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर और दो गैस सिलेंडर त्योहार में फ्री। हेमंत सोरेन ने बहनों को छला है और ठगा है। जिनके पास अभी गैस के कनेक्शन नहीं है, उन्हें भी कनेक्शन दिए जाएंगे। नरेंद्र मोदी गरीबों के मसीहा हैं। उन्होंने संकल्प लिया है कि हर गरीब को पक्का घर होना चाहिए। बड़े-बड़े लोग पक्के मकानों में रहते हैं, गरीब कहां जाएगा। बड़े बंगले ना बने लेकिन छोटा पक्का मकान तो जरूर बन जाएगा। शेष पेज 08 पर

# एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे : पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के सोलापुर में सार्वजनिक रैली को किया संबोधित



महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के सोलापुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा, महाराष्ट्र को महायुति की स्थिर सरकार की जरूरत है, जिसका एकमात्र उद्देश्य राज्य का विकास करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस गठबंधन पर हमला करते हुए कहा, आपको याद रखना चाहिए कि जिस गाड़ी पर एमवीए के लोग सवार हैं वह सबसे अस्थिर है। पीएम मोदी ने कहा, ये महाविकास अघाड़ी वाले जिस गाड़ी पर चल रहे हैं, उस गाड़ी में न पहिए हैं न ब्रेक है और कौन चलाएगा इसके लिए मारामारी है। ये लोग आपस में ही झगड़ा करने में समय बर्बाद कर देते हैं।

अघाड़ी में मची हुई है भगदड़ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, महाविकास अघाड़ी की गाड़ी में ब्रेक नहीं है। आप सब जानते हैं कि कैसे अघाड़ी में भगदड़ मची हुई है। अभी से अघाड़ी में मुख्यमंत्री पद के लिए खिंचतान नूरा कुश्ती चल रही है। एक पार्टी पूरे दिन अपने नेता को मुख्यमंत्री बताने में लगी रहती है।

शेष पेज 08 पर

### आज संताल में भरेंगे हुंकार

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवंबर को गोड्डा व देवघर के सारठ में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पहली सभा मधुपुर अनुमंडल के सारठ व मधुपुर विधानसभा की सीमा पर स्थित रांगा सिरसा मैदान में 1:45 बजे से होगी व दूसरी सभा गोड्डा में पौड़ेयहाट-गोड्डा विधानसभा की सीमा से सटे सिकटिया मैदान में 3:15 बजे होगी। प्रधानमंत्री सारठ में मधुपुर, सारठ, जरमुंडी, देवघर, जामताड़ा, नाला, शिकारीपाड़ा, जामा व दुमका के एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं गोड्डा में पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, बोरियो, महेशपुर, पाकुड़, राजमहल, बरहेट, लिट्टीपाड़ा व साहिबगंज के एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में सभा को संबोधित करेंगे।

### झारखंड विस चुनाव : कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र

# जाति आधारित सर्वे और 250 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा



प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने मंगलवार को घोषणापत्र जारी किया। इसमें जाति आधारित सर्वेक्षण का वादा करने के साथ ही 250 यूनिट तक फ्री बिजली देने की बात कही गई है। कांग्रेस के घोषणापत्र में 1932-खतियान आधारित अधिवास नीति, आदिवासियों के लिए सरना धार्मिक कोड के कार्यान्वयन का वादा भी किया गया है।

शेष पेज 08 पर

### ईडी की बांग्लादेशी घुसपैठ पर बड़ी कार्रवाई

# झारखंड में मतदान से पहले 17 ठिकानों पर की छापेमारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता



रांची। बांग्लादेशियों को भारत में घुसपैठ कराने के मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय ने भी जांच शुरू कर दी है। एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग के ऐंगल से जांच के लिए इस मामले में 17 ठिकानों पर छापे मारे हैं। ये छापे झारखंड और पश्चिम बंगाल में मारे गए हैं। सूत्रों का कहना है कि ईडी को इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की भी जानकारी मिली है और इसी ऐंगल से उसने जांच को आगे बढ़ाया है। ईडी ने इस मामले में सितंबर में केस दर्ज किया था। उसने अवैध घुसपैठ और मानव तस्करी के मामलों में मनी लॉन्ड्रिंग का भी ऐंगल सामने आने के बाद जांच शुरू की थी।यह जानकारी मिली थी कि बड़ी संख्या में बांग्लादेशी महिलाओं को झारखंड में भेजा गया है और इसके पीछे पैसों का भी लेनदेन है। पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य नेताओं का कहना है कि राज्य सरकार का इसमें हाथ है और वह ऐसी घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है।

शेष पेज 08 पर

# सीआईएसएफ में पहली महिला बटालियन को मंजूरी

### दुश्मनों की खैर नहीं, जल्द शुरू होगी भर्ती

एजेंसियां



नई दिल्ली। देश के हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो, वीआईपी और अन्य परिसरों की सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ में पहली महिला बटालियन बनाने की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ग्रीन सिग्नल दे दिया। अब जल्द ही सीआईएसएफ पहली ऑल वूमेन बटालियन को बनाने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी। इसमें अधिकतर महिलाओं को कमांडो ट्रेनिंग से ट्रेंड किया जाएगा। ताकि वह हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो और वीआईपी की सुरक्षा समेत जरूरत के मुताबिक कहीं पर भी अपनी त्वरित सेवाएं दे सकें। यह बटालियन देश की संसद को सुरक्षा प्रदान करने वाली सीआईएसएफ को मिली जिम्मेदारी को देखते हुए भी बेहद खास होगी।

गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी : सीआईएसएफ के डीआईजी दीपक वर्मा ने बताया कि गृह मंत्रालय की मंजूरी के साथ ही इस पर काम करना शुरू कर दिया गया है। फिलहाल सीआईएसएफ में करीब एक लाख 90 हजार नफरी है। इनमें करीब सात फीसदी महिलाएं हैं। 12 बटालियन वाली सीआईएसएफ में मौजूदा समय में एक भी बटालियन महिला बटालियन नहीं है। यह पहली बटालियन होगी, जिसमें केवल महिलाएं होंगी। बल में महिला बटालियन बनाने का प्रस्ताव 53वें सीआईएसएफ दिवस के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों के अनुरूप शुरू किया गया था। जिसे अब मंत्रालय ने अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है।

**ऑल वूमेन बटालियन में 1025 महिलाएं होंगी** : सीआईएसएफ अधिकारियों ने बताया कि ऑल वूमेन बटालियन में 1025 महिलाएं होंगी। इनमें अधिकतर को कमांडो ट्रेनिंग से ट्रेंड किया जाएगा। ताकि किसी भी तरह की इमरजेंसी के वक्त महिला बटालियन की यह कमांडो मोर्चा संभाल सकें। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा नहीं है कि मौजूदा समय में सीआईएसएफ में महिलाएं ना हों। बल में अभी भी महिलाएं हैं और वूमेन कमांडो भी हैं। लेकिन ना तो उनकी कोई स्पेसिफिक बटालियन है और ना ही उनसे यह नई महिला बटालियन खड़ी की जा सकती है। शेष पेज 08 पर

# जमशेदपुर में वोट से पहले भाजपा नेता गिचू अग्रवाल हुए गिरफ्तार



- रात भर धरना पर बैठे सरयू राय

जमशेदपुर। झारखंड में वोट से एक दिन पहले जमशेदपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता गिचू अग्रवाल को कदमा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। भाजपा नेता की गिरफ्तारी के बाद ही प्रदर्शन शुरू हो गए। जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे एनडीए प्रत्याशी सरयू राय सैकड़ों समर्थकों के साथ धरना पर बैठ गए।

**सरयू राय ने पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप** : सरयू राय ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### बिजली खंभे से टकराकर स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त

**रातू।** बिजुलिया मोड़ में मंगलवार को दिन के करीब तीन बजे महादेव टंगरा की ओर से सिमलिया हाजी चौक आ रहे सफेद एकार्पियो जेएच 01 एफआर 5754 सड़क पार कर रहे एक बच्चे को बचाने के दौरान समीप के बिजली खंभे से टकराकर न केवल क्षतिग्रस्त हो गया, बल्कि अगले हिस्से के परखच्चे भी उड़ गये। दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। लेकिन, पोल भी टूट गया है। गाड़ी नगड़ी के नयासराय निवासी शनि कच्छप की बतायी जा रही है। पीसीआर की टीम घटनास्थल पर पहुंच गयी है।

### खूंटी के डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मी रवाना

**खूंटी।** खूंटी के बिरसा कॉलेज स्टेडियम में डिस्पैच सेंटर से मंगलवार को सभी मतदानकर्मियों को रवाना किया गया। उपायुक्त ने कई मतदान कर्मियों को माला पहनाकर रवाना किया। खूंटी और तोरपा विधानसभा के सभी मतदानकर्मियों को इवीएम और वीवीपैट के साथ सुरक्षाकर्मियों को भी रवाना किया गया। खूंटी विधानसभा क्षेत्र के 297 और 59 तोरपा के 252 मतदान केंद्रों पर 13 नवम्बर को वोट डाले जाएंगे। डिस्पैच सेंटर में मतदान कर्मी, पार्टी मिलान एवं मतदान सामग्री प्राप्त कर पूर्व निर्धारित कलस्टर के लिए रवाना किए गए। खूंटी जिले अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्र सघन जंगल पहाड़ और सुदूरवर्ती इलाकों में अवस्थित हैं।

### तोरपा विधानसभा क्षेत्रों में आज डाले जाएंगे वोट

**खूंटी।** खूंटी के बिरसा कॉलेज स्टेडियम में डिस्पैच सेंटर से मंगलवार को सभी मतदानकर्मियों को रवाना किया गया। उपायुक्त ने कई मतदान कर्मियों को माला पहनाकर रवाना किया। खूंटी और तोरपा विधानसभा के सभी मतदानकर्मियों को इवीएम और वीवीपैट के साथ सुरक्षाकर्मियों को भी रवाना किया गया। 60-खूंटी विधानसभा क्षेत्र के 297 और 59-तोरपा के 252 मतदान केंद्रों में 13 नवम्बर को वोट डाले जाएंगे। डिस्पैच सेंटर में मतदान कर्मी, पार्टी मिलान एवं मतदान सामग्री प्राप्त कर पूर्व निर्धारित कलस्टर के लिए रवाना किए गए। खूंटी जिले अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्र सघन जंगल पहाड़ और सुदूरवर्ती इलाकों में अवस्थित हैं। दूरस्थ इलाकों में स्थित मतदान केंद्रों में मतदानकर्मियों के लिए कलस्टर में सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल की गई हैं।

# 3.86 लाख मतदाता 26 उम्मीदवारों के लिए डालेंगे वोट

## 197399 पुरुष, 188662 महिला एवं 11 ट्रांसजेंडर हैं मतदाता

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा में 13 नवंबर को सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान होना है। 3.86 लाख मतदाता इस विधानसभा के 26 उम्मीदवारों के लिए मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मंगलवार की शाम तक सभी पोलिंग पार्टी कुल 456 मतदान केंद्रों पर पहुंच चुकी है।

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 197399 पुरुष, 188662 महिला एवं 11 थर्ड जेंडर कुल 386072 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के दौरान विधि व्यवस्था एवं मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस पदाधिकारी एवं माइक्रो आब्जर्वर की भी प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है। चुनाव स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर कंट्रोल रूम 247 संचालित है। जिसका दूरभाष संख्या 06553 261522, 9973314112 है। बड़कागांव सीट से उम्मीदवारबड़कागांव




विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अंबा प्रसाद, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार कामेश्वर कुमार दास, भाजपा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी, सीपीआई उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार, समाजवादी पार्टी उम्मीदवार गोविंद बेदिया, भारतीय आजाद सेना उम्मीदवार प्रकाश सोनी, लोकगीत अधिकार पार्टी उम्मीदवार फुलेश्वर महतो, जेएलकेएम उम्मीदवार बालेश्वर कुमार, राष्ट्रीय लोक दल उम्मीदवार बिट्टू कुमार सिंह, झारखंड पार्टी उम्मीदवार मुख्तार अंसारी, अखिल भारतीय आरक्षित समाज पार्टी उम्मीदवार रंजन सोनी, राष्ट्रीय क्षमता दल के उम्मीदवार विकास कुमार, एआइएमआइएम उम्मीदवार शमीम मियां, झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान उम्मीदवार सोहर महतो, आजाद अधिकार सेना उम्मीदवार मोहम्मद हसन, निर्दलीय अमन कुमार, गयासुद्दीन अंसारी, जगतार सिंह, झमन प्रसाद, झारी मुंडा, दुर्गा चरण प्रसाद, प्रभु उरांव, भोलानाथ प्रसाद, राजकिशोर चौधरी, लालदेव मुंडा, सुनील कुमार बेदिया शामिल हैं।

### 456 बूथों पर सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम



**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने सुरक्षा की कमान संभाली है। सोमवार की देर रात तक वह खुद फ्लैग मार्च में शामिल रहे। साथ ही पतरातू से लेकर बरकाकाना तक गली-गली पुलिस की टीम ने जांच की है। मंगलवार की सुबह से ही एसपी स्ट्रांग रूम में डिस्पैच सेंटर के पास मौजूद रहे। यहां उन्होंने पोलिंग पार्टी के साथ पुलिस फोर्स की टैगिंग की। एसपी ने बताया कि 456 बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। एसपी ने बताया कि पारा मिलिट्री फोर्स, सीएपीएफ के जवान और झारखंड पुलिस बाल सुरक्षा में मुस्तैद रहेगी। एसपी अजय कुमार ने बताया कि संवेदनशील बूथों पर पहले से ही पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई है। बड़कागांव, केरेडारी और पतरातू प्रखंड के संवेदनशील इलाकों में चार दिनों तक पारा मिलिट्री फोर्स सामाजिक तत्वों के खिलाफ छापेमारी कर रही है। इसके अलावा मतदान केंद्र के आसपास भी लगातार गश्त लगाई जा रही है।

# निरामया हॉस्पिटल, कोकर में बिटिया के जन्म पर मां-बेटी सम्मानित




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** नारनौली अग्रवाल महिला समिति, रांची ने पिछले तीन साल से बिटिया के जन्म होने पर मां-बेटी को सम्मानित करने की अपनी परंपरा जारी रखी है।

इसी कड़ी में समिति की अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल ने राजधानी रांची के कोकर स्थित निरामया हॉस्पिटल में बिटिया के जन्म होने पर मां और बेटी को बतौर उपहार फल, कपड़ा और खिलौना देकर सम्मानित किया। बुजुर्गों ने मंगल गीत गाकर मां-बेटी को दिया आशीर्वाद इस दौरान बुजुर्गों ने मंगल गीत गाकर मां-बेटी को आशीर्वाद दिया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुनीता अग्रवाल ने कहा कि समाज में बदलाव आ रहा है और बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। इस तरह के प्रयास समाज में जागरूकता लाएंगे और बेटियों को सम्मान मिलेगा। मौके पर लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# इटकी में चुनाव के पुख्ता इंतजाम

## चप्पे-चप्पे पर रहेगा पहरा, 41,565 मतदाता अपना मत का करेंगे प्रयोग



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी प्रतिनिधि।** लोहरदगा संसदीय सीट के इटकी प्रखण्ड में प्रशासन द्वारा चुनाव पर पोख्ता इंतिजाम कर लिया है। सोमवार को प्रखण्ड के 49 बूथ पर कुल 41 ,565 हजार मतदाता अपना मत का प्रयोग करेंगे। जिसमें 20,435 हजार पुरुष मतदाता जबकि 21,130 महिला मतदाता बोट डालेंगे।भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव को लेकर चप्पे चप्पे पर सात मजिस्ट्रेट,दो कम्पनियों के दो सौ सैफ के जवान और सुरक्षा बल का शख्त पहरा रहेगा।

प्रत्येक बुथ में एक हवलदार सहित चार जवान तैनात रहेंगे। वही सभी बुथों पर सीसी केमरा के जद में रहेगा।एक भी परिंदा चुनाव के दौरान फटक नही पायेंगे। मोराबादी रांची से सीधे बुथ तक करीब चार बजते बजते सभी बुथो में पीठासीन अधिकारी, पोलिंग पार्टी और मजिस्ट्रेट पहुंच चुकें है। चुनाव की पारदर्शिता के लिए बुथों में पोलिंग ऐजेण्टों के उपस्थिति में पीठासीन अधिकारी द्वारा मार्क पोल के बाद सुबह सात बजे से चुनाव प्रक्रिया शुरू की जायेगी ।

### चुनाव की गतिविधि पर रांची कंट्रोल रूम से रखी जायेगी कड़ी नजर

प्रखण्ड के 49 बुथों में 10 मतदान केन्द्र क्रिटिकल श्रेणी में रखे गये है। संवेदनशील जबकि 39 बुथ सामान्य बनाये गये है। क्रिटिकल बुथों में विशेष रूप से व्यवस्था उपलब्ध कराया गया है। सभी बुथों पर सीसी केमरा के जद में रहेगा। इस बार प्रखण्ड मुख्यालय से चुनाव कंट्रोल रूम हटा दिया गया है चुनाव की हर गतिविधि पर रांची मुख्यालय के कंट्रोल रूम से सीधा कड़ी नजर रखी जायेगी।

### मतदाताओं के लिए बूथों में समुचित व्यवस्था

गर्भवती महिला और द्वियांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। द्वियांगों को बुथ तक पहुंचाने के अलावा अन्य मतदाताओं के मदद के लिए प्रशिक्षित चार चार स्कूली छात्र छात्राऐं भोल्टींयर के रूप में तैनात रहेंगे। तैनात भोल्टीयरों को प्रशासन द्वारा प्रस्तिति पत्र देकर सम्मानित किये जायेंगे।वही नये मतदाताओं को गुलाब फुल देकर स्वागत किये जायेगें। प्रत्येक पंचायत में मतदाताओं लाने और ले जाने के लिए वाहन उपलब्ध रहेगा। इसके अलावे दो ट्राय साइकिल सहित बिजली, पानी, शौचालय,व्हील चेयर के अलावा समुचित व्यवस्था की गई है।

# पुलिस ने विदेशी शराब विक्रेता को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी प्रतिनिधि :** प्रखण्ड के कुर्गी गांव स्थित एक मकान में मंगलवार की सुबह पुलिस ने छापामारी कर दर्जणों बोतल विदेशी शराब के साथ दुर्गा महतो नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि कुर्गी गांव में शराब बिकने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर तत्काल पर मकान में छापामारी की गई। इस दौरान मकान से 21 बोतल बीयर करीब 30 सीसी विदेशी शराब और छह वीयर के केन बरामद किया गया। छापामारी में एएसआई मनीभूषण कुमार सहित शस्त्र बल शामिल थे।

# एसजीएफआई अंडर 17 में झारखंड टीम के तीरंदाजों ने 1 स्वर्ण, 4 सिल्वर, 1 ब्रांच के साथ कुल 6 पदक जीते

**सिल्ली।** 10 से 20 नवंबर तक गुजरात में आयोजित 68 वाँ नेशनल स्कूल गेम्स में झारखंड टीम के ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 17 तीरंदाजी टीम के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण 4 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम गौरवांवित किया है ' जिसमें बिरसा मुंडा आर्चरी केंद्र की तमन्ना वर्मा रिकर्व डिवीजन के व्यक्तिगत स्पर्द्धा 60 मीटर दूरी में 1 स्वर्ण पदक ओवरऑल में रजत पदक एवं टीम स्पर्द्धा में रजत पदक जीती है। रिकर्व टीम में तमन्ना वर्मा के अलावे रितु रानी, जोन्हा की लक्ष्मी कुमारी एवं जेएसएसपीएस रांची की अनुपा कुमारी शामिल है ' वही इंडियन राउंड में जोन्हा की लवली कुमारी ने व्यक्तिगत स्पर्द्धा 40मीटर की दूरी में कांस्य पदक ओवरऑल रजत पदक एवं टीम स्पर्द्धा में रजत पदक जीता है' (, सिल्ली की लवली रुचिता उरांव , रितिका, जमशेदपुर की प्रिया कुमारी शामिल है ' पदक विजेता खिलाड़ियों को राज्य शिक्षा परियोजना के निदेशक शशि रंजन ,खेल निदेशक संदीप कुमार, शिक्षा विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग,रांची जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष नेहा, महतो, सचिव चंचल भट्टाचार्य, अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक हरेंद्र कुमार सिंह, प्रकाश राम, शिशिर महतो, रोहित कोईरी ,करण कुमार कर्मकार, डी साईस्वरी एवं राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।




## राहे में आजसू पार्टी की बैठक

# सुदेश महतो की चुनावी सभा की तैयारी पर मंथन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**राहे।** आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो की पतराहातू में बुधवार को होने वाली सिल्ली विधानसभा स्तरीय चुनावी सभा की तैयारी को लेकर राहे पार्टी कार्यालय में आजसू प्रखंड कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के सभी प्रमुख कार्यकताओं ने हिस्सा लिया और सभा को सफल बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सुदेश महतो की यह सभा क्षेत्र के लोगों को जोड़ने और उनके मुद्दों को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी कार्यकताओं को सभा की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया और क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को सभा में लाने की अपील की। बैठक में सभा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई, जिसमें मंच सजावट, लोगों के बैठने की व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और सुरक्षा इंतजाम शामिल थे। प्रखंड कमिटी के सदस्यों ने एकजुट होकर सुदेश महतो की सभा को सफल बनाने के संकल्प के साथ विभिन्न जिम्मेदारियां भी बांटी। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो ने कहा कि यह सभा पार्टी के विचारों और सिद्धांतों को जनता तक पहुंचाने का एक सुनहरा मौका है, जिससे आम लोगों के बीच पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी।




### आजसू पार्टी का जन आशीर्वाद सभा आज

**सिल्ली।** सिल्ली के पतराहातु स्कूल मैदान में दिनांक 13 नवंबर दिन बुधवार को आजसू पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय ₹जन आशीर्वाद सभा ₹ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा एवं पुर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए पार्टी के सभी क्षेत्रीय प्रभारी, पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी, चुल्हा प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पुर्व मुखिया, पुर्व पंचायत समिति सदस्य, बुद्धिजीवी मंच के सदस्य, ग्राम प्रधान, पाहन, वार्ड सदस्य, आजसू पार्टी कार्यकर्ता समेत आम लोगों को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### युवकों ने आजसू पार्टी की सदस्यता की ग्रहण



**गोला (रामगढ़)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां स्थित झिंझरी टांड़ स्थित आजसू कार्यालय में मंगलवार को दर्जनों युवकों ने पार्टी की विचारधारा व कार्यशैली से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाया। उन्हौने कहा कि हमने रामगढ़ विधानसभा का विकास किया है। आगे भी करेंगे। सभी कार्यकर्ता पूरी तरह से मेहनत में जुट जाएं। एनडीए गठबंधन की आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी बहुमत से जीताने का कार्य करें। युवा परिवर्तन संघ के केंद्रीय अध्यक्ष कमल किशोर महतो आजसू पार्टी में शामिल होते हुए अपने साथ सैकड़ों लोगों को पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान दुलमी प्रखंड की जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान भी कांग्रेस छोड़कर आजसू पार्टी में शामिल हो गई। इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मौके पर पार्टी के कपिल मुंडा, रणधीर कुमार बसरिया, नवकुमार महतो, कालीचरण महतो, लखी करमाली, टेकलाल महतो, जयनंदन मुंडा, धनेश्वर महतो, सुनीता देवी, रीमा देवी, नीता देवी, सरस्वती देवी, सुलोचना देवी सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

# रिटायर्ड फौजी के घर से चोरी



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** पुलिस ने रिटायर्ड फौजी रमेश राय के घर से चोरी हुई लाइसेंसी बंदूक बरामद कर ली है। साथ ही एक आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी अजय कुमार ने मंगलवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अगस्त महीने में रिटायर्ड फौजी के घर में चोरी हुई थी। उनके घर से लाइसेंसी बंदूक के अलावा अन्य कीमती सामान चोर उड़ा ले गए थे।

- बंदूक बरामद, आरोपी गिरफ्तार
- अपराधियों के साथ हथियार बेचने की हो रही थी डील

चुनाव के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अपराधियों को हथियार बेचने की तैयारी चल रही है। सूचना के आधार पर रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने छापेमारी की और पारेबस्ती निवासी एक चोर शशि कुमार को गिरफ्तार किया। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने किराए के घर में चोरी का सामान रखा है। हथियार को झाड़ियां में छुपा दिया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दुनाली बंदूक बरामद किया। साथ ही उसके घर से चूल्हा, बर्तन, डीवीडी प्लेयर, सूटकेस आदि भी बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि रिटायर्ड फौजी रमेश राय के घर में बहू की हत्या हुई थी। इस मामले में पूरा परिवार जेल में बंद था। चोरों ने देखा कि वह घर लंबे समय से बंद है, तो वहां चोरी की योजना बनाई। तीन चोरों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था।

## संक्षिप्त

### ज्यादा पैसे लेकर ग्राहकों को लूट रहे शराब माफिया

**रांची :** रांची सहित राज्य के सभी जिलों में शराब माफिया एमआरपी से ज्यादा पैसे लेकर ग्राहकों को बिना किसी भय के लूट रहे हैं। राज्य के कई जिलों से ज्यादा कीमत वसूलने के कारण शराब दुकानों के कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच झगड़े की खबरें भी आती रही हैं। लेकिन, प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों की मजबूरी यह है कि उन पर ग्राहकों से एमआरपी से ज्यादा पैसे वसूलने का दबाव शराब की आपूर्ति करने वाली कम्पनी की ओर से डाला जा रहा है। कर्मचारियों की विवशता यह भी है कि उन्हें कई-कई माह तक वेतन नहीं मिलता है।

लाइसेंसी शराब दुकान के कई कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रांची जिला में सरकारी शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारी से फ्रंट लाइन एनसीआर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा तीन ब्लैंक चेक मांगे जा रहे हैं। चेक नहीं देने पर उन्हें काम से हटाया जा रहा है। उक्त कम्पनी की ओर से कर्मचारियों को हर शराब में एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) से जायदा कीमत पर शराब बेचने के लिए दबाव रहता है और ओवर प्राइसिंग का यह पैसा उसका मैनेजर ले जाता है।

### जीएसटी काउंसिल के अपडेट पर सत्र आयोजित

**रांची।** सीआईआई झारखंड ने ह्यजीएसटी डिकोडेड: काउंसिल अपडेट से लेकर इनवॉइस मैनेजमेंट सिस्टम' पर वर्चुअल सत्र आयोजित किया। इसका उद्देश्य जीएसटी काउंसिल के नवीनतम अपडेट पर स्पष्टता प्रदान करके, एमनेस्टी स्कीम के लाभों और प्रक्रियाओं की व्याख्या करके और प्रभावी इनवॉइस प्रबंधन प्रणालियों का प्रदर्शन करके व्यवसायों को जीएसटी अनुपालन की जटिलताओं को समझने में मदद करना था। सीआईआई झारखंड आर्थिक मामले, वित्त और कराधान पैनल के संयोजक और टाटा कमिंस प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक (वित्त) अरुण प्रकाश ने चुनावी बदलावों, बाजार में उतार-चढ़ाव और व्यावसायिक लेनदेन पर उनके प्रभाव सहित 2024 के महत्वपूर्ण वैश्विक बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की आर्थिक लचीलापन पर जोर दिया, जिसका प्रमाण 7' जीडीपी विकास दर और लगातार बढ़ते जीएसटी संग्रह हैं। सत्र में विशेष रूप से हाल ही में जीएसटी परिषद के अपडेट और नए इनवॉइस प्रबंधन प्रणाली की परिवर्तनकारी क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### डिस्पैच में अनुपस्थित रहनेवाले कर्मियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**रांची।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में 13 नवंबर, 2024 को वोटिंग होगी। इसे लेकर रांची जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र के लिए 12 नवंबर, 2024 को पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर से तमाड़, रांची हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। डिस्पैच के दौरान मतदान कर्मियों की अनुपस्थिति को जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया गया है।

# विस चुनाव में यूनिक बूथों पर दिखेगी झारखंड की संस्कृति

### झारखंड के छऊ नृत्य से लेकर नशा मुक्ति के संदेश के थीम पर बने हैं मतदान केंद्र




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव-2024 के प्रथम चरण में 15 जिलों में कुल 43 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है। मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस उद्देश्य से हर मतदान केंद्र को मॉडल बूथ के रूप में तैयार किया गया है। हर मतदान केंद्र पर बिजली, पेयजल, रनिंग वाटर, शेड, दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए रैंप एवं व्हीलचेयर के साथ उनकी सहायता के लिए वॉलेंटियर की भी व्यवस्था की गई है।

मतदाताओं को सहूलियत पहुंचाने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रथम चरण के निर्वाचन में ऐसे बूथ बनाए गए हैं जहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है वहां कुल 1152 महिलाओं द्वारा मैनेज्ड बूथ बनाए गए हैं। वहीं, 24 बूथ दिव्यांगजनों एवं 23 युवा मतदानकर्मियों द्वारा मैनेज्ड बूथ तैयार किए गए हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने एवं स्थानीय महत्व को दशार्ने के उद्देश्य से इन 15 जिलों में कुल 50 बूथों को यूनिक बूथ के रूप में सुसज्जित किया गया है। इसमें स्थानीय कलाकृतियों, परम्पराओं, मान्यताओं एवं विशेषताओं को रेखांकित करने के उद्देश्य से बूथों को सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि मतदान के उपरांत मतदाताओं में इसकी एक अच्छी याद बनी रहे।

इसी उद्देश्य से रांची के तमाड़ में चिपबंधीडीह स्थित बूथ को आदिवासी थीम पर सुसज्जित किया गया है। वहीं, बालिका उच्च विद्यालय बरियातु को हॉकी के थीम पर सजाया गया है। हजारीबाग में जंगलों से घिरे बूथ को प्राकृतिक सौंदर्य से सुसज्जित करने का कार्य किया गया है। संत कोलंबस कॉलेज स्थित बूथ को सबसे पुराना बूथ होने के कारण यूनिक बूथ की कैटेगरी में रखा गया है। रामगढ़ के पतरातु के छावनी परिषद उत्क्रमित मध्य विद्यालय में झोपड़ी से सुसज्जित किया गया है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय उचरिंगा को पतरातु टूरिज्म के रूप में विकसित किया गया है। गोला के राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय गोला को कृषि के थीम पर विकसित किया गया है। चतरा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय लावालौंग में ₹ी२ ३ङ्ग श्ङ्ग्री ठङ्ग ३ङ्ग ऊ१४२₹ थीम पर विकसित किया गया है। गिरिडीह में 11 ऐसे बूथ तैयार किए गए हैं, जो मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए स्थानीय संस्कृति के आधार पर तैयार किए गए हैं। छऊ नृत्य के लिए प्रसिद्ध बोकारो एवं सरायकेला के ऐसे बूथ भी हैं, जिन्हें छऊ नृत्य के दृश्यों से सुसज्जित किया गया है। इसके साथ सभी जिले में आदिम समूहों की बहुलता वाले बूथों पर इससे संबंधित थीम पर बूथों को सुसज्जित किया गया है। लोहरदगा में पोषक वन के रूप में सुसज्जित किया गया है।

# पहले चरण में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सहित छह मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर



❑ मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को मिल रही सीधी टक्कर

❑ मंत्री बन्ना गुप्ता का सीधा मुकाबला पूर्व मंत्री सरयू राय से

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** झारखंड चुनाव में पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण में पूर्वमुख्यमंत्री चंपई सोरेन सहित जेएमएम सरकार के छह मंत्रियों की प्रितष्ठा दांव पर लगी है। यहां मतदाताओं ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं, इसलिए कहा जा सकता है कि एनडीए और इंडिया ब्लॉक के बीच कांटे की टक्कर है। 2019 के चुनाव में इन 43 विधानसभा सीटों में से 25 सीटों पर झामुमो-कांग्रेस-राजद के गठबंधन ने जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा के हिस्से मात्र 13 सीटें आई थीं। दो सीटों पर निर्दलीय, एक पर एनसीपी और एक पर जेवीएम ने जीत दर्ज की थी। इस बार एनडीए ने जहां अपना स्कोर सुधारने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाया है, वहीं इंडिया ब्लॉक भी पुरानी स्थिति को बरकरार रखते हुए कुछ सीटें जोड़ने की कोशिशों में जुटा है। मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाए जाने के एक महीने बाद ही भाजपा में शामिल हुए चंपई सोरेन कोल्हान प्रमंडल की अपनी परंपरागत सीट सरायकेला से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां से वह अब तक छह बार विधायक रह चुके हैं। 1991 से लेकर 2019 तक हुए सात चुनावों में उन्हें सिर्फ एक बार 2000 में पराजय का सामना करना पड़ा था। यहां उन्हें झारखंड मुक्ति मोर्चा के गणेश महली सीधी टक्कर दे रहे हैं।

हेमंत सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को लोहरदगा सीट पर आजसू पार्टी की नीरू शांति भगत सीधी टक्कर दे रही हैं। पिछले चुनाव में इस सीट पर भाजपा और आजसू दोनों पार्टियों ने अपने अलग-अलग प्रत्याशी उतारे थे, जिसका सीधा फायदा डॉ रामेश्वर उरांव को हुआ था। इस बार भाजपा-आजसू एक हैं। ऐसे में डॉ रामेश्वर उरांव के लिए सीट बचाना आसान नहीं दिख रहा। मंत्री मिथिलेश ठाकुर गढ़वा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां त्रिकोणीय मुकाबला है। भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी और समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह से उन्हें कड़ी चुनौती मिल रही है। पूर्व में ये दोनों इस सीट से विधायक रहे हैं और दोनों का इलाके में अपना-अपना प्रभाव है।

जमशेदपुर पश्चिमी सीट पर कांग्रेस कोटे के मंत्री बन्ना गुप्ता का सीधा मुकाबला पूर्व मंत्री जदयू के सरयू राय से है। इन दोनों ने इस सीट पर दो-दो बार जीत दर्ज की है। सरयू राय पिछली बार इस सीट को छोड़कर जमशेदपुर पूर्वी सीट पर निर्दलीय मैदान में उतरे थे और उन्होंने तत्कालीन सीएम रघुवर दास को हराकर झारखंड की राजनीति में हलचल मचा दी थी।

चाईबासा में झामुमो कोटे के मंत्री दीपक बिरुआ को भाजपा की गीता बलमुचू चुनौती दे रही हैं। गीता को भाजपा ने पहली बार उम्मीदवार बनाया है, लेकिन सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में लगातार सक्रियता की वजह से वह इलाके में जाना-पहचाना चेहरा हैं। चार महीने पहले हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री बनाए गए झामुमो के विधायक रामदास सोरेन को घाटशिला सीट पर भाजपा उम्मीदवार के तौर पर पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन से टक्कर मिल रही है। बाबूलाल सोरेन पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उनके साथ उनके पिता चंपई सोरेन की साख जुड़ी है। लातेहार में झामुमो कोटे के मंत्री बैद्यनाथ राम का भाजपा के प्रकाश राम से सीधा मुकाबला रहा है। इस सीट से वैद्यनाथ राम तीन बार और प्रकाश राम दो बार विधायक चुने गए हैं।

**रांची विधानसभा सीट पर नजर**

हाईप्रोफाइल सीटों में शामिल रांची विधानसभा सीट पर विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा की सरकारों में मंत्री रहे सीपी सिंह को झामुमो की प्रत्याशी राज्यसभा की सांसद डॉ महुआ माजी सीधी चुनौती दे रही हैं।

# प्रेमसंस मोटर के एरीना में नई डिजायर लॉन्च




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** प्रेमसंस मोटर के कांके और बरियातु एरीना स्थित शोरूम में बहुप्रतीक्षित नई डिजायर कार 12 नवंबर को लॉन्च किया गया। मुख्य अतिथि एसबीआई की रिजनल मैनेजर श्रीमती भावना पंकज थीं। कंपनी के सीएमडी पुनीत कुमार पोद्दार, ज्वाइंट एमडी अवध पो?द्दार, वाईस प्रेजिडेंट राजीव सिन्हा, शोरूम मैनेजर विवेक खत्री सहित कई ग्राहक उपस्थित थे।

नई डिजायर एक वैल्यू फॉर मनी कार है, जिसमें सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह कार 6 एयरबैग्स के साथ आती है। इस सेगमेंट की पहली सेडान है, जो सनरूफ फीचर के साथ लॉन्च की गई है। जीएनसीएपी द्वारा 5-स्टार रेटिंग हमारे इस समर्पण का प्रमाण है। इस मौके पर पुनीत पोद्दार ने कहा, 'हम हमेशा ग्राहक देवो भवः की भावना के साथ उत्कृष्ट सेवाएं देने का प्रयास करते हैं। हमें लोगों का हमेशा साथ और विश्वास मिला है। हमें उम्मीद है कि इस नई डिजायर को भी लोगों का प्यार मिलेगा।'

अवध पोद्दार ने कहा, 'यह कार सेडान सेगमेंट में बेहतरीन फीचर्स के साथ लॉन्च की गई है। हमें उम्मीद है कि यह कार लोगों को बेहद पसंद आएगी। हमारे यहां बुकिंग्स शुरू हो चुकी हैं।'

वाईस प्रेजिडेंट राजीव सिन्हा ने कहा कि नयी डिजायर की अब तक 194 बुकिंग्स हो चुकी है। क्षेत्र की सबसे अधिक मारुति? गाड़ियां बेचने के कारण हमारे पास अधिक स्टॉक होने की संभावना है।

# फिल्म अभिनेत्री नेहा झा को किया गया सम्मानित



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रिलेशंस की ओर से बरियातू रोड स्थित हिल टॉप पब्लिक स्कूल में 'जीना इसी का नाम है' कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसके तहत अभिनेत्री नेहा झा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक राजेश गुप्ता, प्राचार्या संगीता राज, उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार, भजन गायक मनीष सोनी ने संयुक्त रूप से अभिनेत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नेहा झा की माता अनुशिया झा और पिता मनोज कुमार झा उपस्थित थे।

मौके पर सभी अतिथियों ने कहा कि रांची की बेटी व फिल्म अभिनेत्री नेहा झा ने बहुत ही कम समय में अपनी मेहनत और लगन से बॉलीवुड में एक मुकाम हासिल कर लिया है। ये हमारे लिए गर्व की बात है कि नेहा झा झारखंड की राजधानी रांची से है। नेहा झा की इस उपलब्धि पर पूरे झारखंड को गर्व है।

ज्ञात है कि नेहा झा ने शैतानी रश्मि (स्टार भारत), मां सरस्वती (हरि ॐ चैनल), परशुराम सीजन 2 (अतरंगी), श्याम तुलसी (जी गंगा), परम अवतार श्री कृष्णा (एंड भारत), सावधान इंडिया, क्राइम अलर्ट, राधा कृष्ण आदि कई मुख्य धारावाहिक में काम किया है। उन्होंने सोनिक चैनल में बच्चों के कार्टून कान्हा मोर पंख में राधा का वॉइस ओवर किया है।

इस अवसर पर स्कूली बच्चे नेहा झा को अपने बीच पाकर खुश दिखे। बच्चों ने उनसे सफल जीवन से सम्बन्धित कई प्रश्न पूछे। मौके पर आईएस जाकी, सीमा लाला, पुरोबी राय, शिवानी, मौसमी भट्टाचार्य, शंकर, स्नेहा, गार्गी, सूर्यकांत, साधना, प्रियंका, सिमकी, सरिता, निकिता, सविता सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाए एव विद्यार्थी उपस्थित थे।

# श्री गुरुनानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज सजेगा दीवान

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में 13 नवंबर को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक और रात का दीवान शाम 7 बजे से 9 बजे तक सजाया जाएगा। रात 11 बजे प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्री अखंड पाठ साहिब जी की शुरूआत होगी। 14 नवंबर को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक विशेष भव्य दीवान सजाया जाएगा।

दीवान समाप्ति के बाद दोपहर 2:30 बजे भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो मेट्रो गली, रातु रोड, स्वर्गीय किशोरी यादव चौक, प्यादा टोली, महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक, डेली मार्केट, चर्च कॉम्प्लेक्स, लाला लाजपत राय चौक से होते हुए पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल परिसर पहुंचकर शाम 8 बजे समाप्त हो जाएगा। नगर कीर्तन में गुरु नानक स्कूल पीपी कंपाउंड और गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल कमड़े के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे।

कार्तिक पूर्णिमा पर प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 15 नवंबर की शाम 8 बजे से मध्य रात्रि 2:30 बजे तक रैन सवाई दीवान सजाया जाएगा, जिसमें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में रखे जाने वाले श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग रात 12.30 बजे होगा। सभी दीवानों की समाप्ति के उपरांत सत्संग सभा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्यल में आयोजित सभी दीवानों में शिरकत करने के लिए विश्व प्रसिद्ध रागी जत्था भाई जगतार सिंह जी 'जम्मू वाले' विशेष रूप से रांची पहुंच रहे हैं। वे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की वाणी का शबद गायन कर राज्य की साध संगत को निहाल करेंगे। इसके अलावा हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा शबद गायन और गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी द्वारा कथा वाचन किया जाएगा।



# वोटिंग के दिन छुट्टी को लेकर आदेश जारी किया सीसीएल ने




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर 13 और 20 नवंबर को वोटिंग होनी है। वोटिंग के दिन कर तरह के कर्मियों वेतन के साथ छुट्टी देने का निर्देश भारत निर्वाचन आयोग ने दिया है। इसे लेकर सीसीएल ने 12 नवंबर, 2024 को आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि आयोग के निदेशों और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद 13 और 20 नवंबर, 2024 को होने वाले झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मतदान तिथि के अनुसार यह सूचित किया जाता है कि संबंधित मतदान तिथि को सीसीएल मुख्यालय के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय / इकाई / प्रतिष्ठान में अवकाश होगा, ताकि सभी कर्मी एवं ठेका श्रमिक मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

आदेश में कहा गया है कि जो भी कर्मी, आवश्यक एवं आपातकालीन कार्यों में योगदान देते हैं और जिन्हें उनके कार्यक्षेत्र में आना अनिवार्य होगा। उन सभी कर्मियों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। ऐसे कर्मी, यदि आवश्यक हो तो अलग से 30 दिनों के समयावधि के अंदर 1 अतिरिक्त छुट्टी (विशेष छुट्टी के रूप में) ले सकते हैं। सभी कर्मियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करें।

# झारखंड विस चुनाव के पहले चरण के मतदान में नक्सली व शैडो एरिया पर विशेष फोकस

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाकों में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रही है। यही वजह है कि पुलिस के अधिकारी और जवान शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाने के लिए बेहद ठोस रणनीति के तहत काम कर रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान के साथ-साथ शैडो एरिया को लोकेट किया गया है, ताकि वहां संचार की व्यवस्था बनी रहे। मतदान केंद्रों की सुरक्षा को लेकर 600 केंद्रीय बल, 14 हजार 500 होमगार्ड जवान और जिला बल की तैनाती की गयी है।

रांची कार्यालय सभागार कक्ष में पुलिस प्रेक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के जरिये सीआरपीएफ, आरपीएफ, आरपीएसएफ, एसएपी, यूपी पुलिस के वरीय पदाधिकारियों के साथ प्रथम चरण के चुनाव के बलों के गमनागमन एवं बलों को उनको दी गई ड्यूटी के संबंध में बैठक हुई। अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त कर चुनाव के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, मूवमेंट प्लेन की तैयारी, आदर्श आचार संहिता के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्गत निर्देश के अनुपालन की स्थिति, सुरक्षा बलों का मतदान केंद्र पर मतदाता से व्यवहार एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव के लिए की जाने वाली कार्रवाई, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बलों के गमनागमन के दौरान बरती जाने वाली विशेष सावधानी, ईवीएम सुरक्षा के बिंदु पर विस्तारपूर्वक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त उनके प्रश्नों एवं शंका के बिंदु पर भी ब्रीफिंग की गई।

**शैडो एरिया चिह्नित**



शैडो एरिया यानी वैसे इलाके जहां कोई भी मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता है। झारखंड के शैडो एरिया में पड़ने वाले सभी पोलिंग बूथ पर संचार सुविधाओं की व्यवस्था बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि समय से पोलिंग प्रतिशत, सुरक्षाकर्मियों को लेकर जानकारी सब कुछ मुख्यालय तक समय से पहुंच सके। इसके लिए पुलिस के द्वारा विभिन्न तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं। शांतिपूर्ण, सुरक्षित और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए झारखण्ड पुलिस का हर सीनियर से लेकर जूनियर अफसर और कर्मी लगातार मेहनत कर रहे हैं।

खासकर नक्सल प्रभावित जिलों में किसी तरह से कोई भी चूक ना हो इसके लिए लगातार तैयारियां की जा रही है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान तो चलाया ही जा रहा है। साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में जहां-जहां कम्युनिकेशन के साधन नहीं है, वहां वैकल्पिक साधन तैयार किया जा रहे है, ताकि मतदान केंद्र से सुरक्षा कर्मियों के साथ-साथ दूसरे लोग भी एक दूसरे के संपर्क में रह सकें। पुलिस की टीम के द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में पड़ने वाले शैडो एरिया को चिह्नित कर लिया गया है।

**संचार बेहद महत्वपूर्ण**

शैडो एरिया में बने पोलिंग बूथ से सभी तरह की जानकारियां मुख्यालय तक पहुंचना बेहद आवश्यक है। यह सभी जानते हैं कि शैडो एरिया नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ज्यादा है। ऐसे में वहां पुलिस का मूवमेंट, बूथ सुरक्षा की पल-पल जानकारी, वोटिंग के दीन मतदान प्रतिशत सब कुछ की जानकारी संचार से ही उपलब्ध हो पाएगा। यही वजह है कि सभी शैडो एरिया में सीआरपीएफ के वायरलेस सेट, सेटेलाइट फोन के अलावा कुछ अन्य अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग कर संचार की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है।

रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे के अनुसार, मतदान केंद्रों पर जो-जो कमियां पाई गई हैं, उन्हें जल्द से जल्द दूर करने का निर्देश दिया गया है। डीआईजी ने बताया कि लोहरदगा, सिमडेगा, गुमला और खूंटी में कई ऐसे ही इलाके हैं, जहां किसी भी कंपनी का मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता है। इन्हें शैडो एरिया कहा जाता है। ऐसे स्थान पर संचार की सुविधा उपलब्ध करवाना बेहद आवश्यक है। इसके लिए वायरलेस कम्युनिकेशन को डेवलप किया गया है। साथ ही सेटेलाइट फोन का भी प्रयोग किया जाएगा।

**पहले चरण में अधिकांश रिजर्व सीटों पर मतदान**

13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान में कुल 683 प्रत्याशी की किस्मत का फैसला होने वाला है। कुल 683 प्रत्याशियों में 609 पुरुष और 73 महिला एवं एक अन्य शामिल है।

### पहले चरण में 43 सीटों पर वोटिंग

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है। अब 13 नवंबर को राज्य की 43 सीटों पर सुबह सात बजे से होने वाले मतदान के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में सुरक्षा एवं अन्य दृष्टि से कुल 950 बूथों पर वोटिंग सुबह सात बजे से अपराह्न चार बजे तक ही होगा। वहीं, शेष 14 हजार 394 बूथों पर शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। शाम चार बजे तक मतदान होने वाले सर्वाधिक बूथ मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में हैं। यहां 184 मतदान केंद्रों पर सुबह 7:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक ही वोट डाले जाएंगे। इसके बाद जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 89, तमाड़ में 57, चाईबासा में 46, लोहरदगा में 48 और गुमला में 52 बूथों पर मतदान एक घंटा पहले समाप्त होगा। चुनाव आयोग ने पहले चरण के मतदान के लिए व्यापक तैयारी का दावा किया है।

# लोहरदगा के 48 बूथों पर सुबह 7 से शाम 4 बजे तक होगा मतदान

## ▫ सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग करायी जा रही

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला प्रशासन जिले में शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान कराने के लिए सुरक्षित रवाना किया है। सभी मतदान केंद्रों में मतदान 13 नवंबर को होंगे। लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के 48 बूथों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक और 276 मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। बिशुनपुर (अंश) के 83 मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे और 21 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

श्री वाघमारे ने बताया कि लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के सभी 324 बूथों के लिए 324 पीठासीन पदाधिकारी, 324 प्रथम मतदान पदाधिकारी, 359 द्वितीय मतदान पदाधिकारी और 324 तृतीय मतदान पदाधिकारी समेत 1331 पदाधिकारी मतदान कार्य सम्पन्न कराएंगे। वहीं 260 रिजर्व हैं।

उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंडों के बीडीओ / सीओ को अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में पर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। मतदान केंद्रों/क्लस्टर पर आवासन, पेयजल, विद्युत, शौचालय की व्यवस्था संबंधित एईआरओ/बीडीओ/सीओ द्वारा की गई है। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग करायी जा रही है, जिसका कंट्रोल रूम एनआईसी



कक्ष के वीसी रूम को बनाया गया है। इसके वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त रहेंगे। सभी थाना प्रभारियों द्वारा विशेष जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।

आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए कड़े निर्देश दिये गये हैं जिसका पालन हो रहा है। बल्क एसएमएस/वॉयस एसएमएस का प्रयोग किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। लोहरदगा सिविल सर्जन द्वारा लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के 324 मतदान केंद्रों में चिकित्सा दलों व आवश्यक दवाईयां व मेडिकल किट उपलब्ध कराया गया है। लीकर मॉनिटरिंग टीम और सघनता से क्रियाशील रहेगी। बैंक ट्रांजेक्शन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी मैरेज हॉल/कम्युनिटी हॉल/गेस्ट हाउस/धर्मशाला में सघन निगरानी की जा रही है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कुल 428 मतदान केंद्र हैं, जिनमें लोहरदगा क्षेत्र में 324 और बिशुनपुर (अंश) में 104 मतदान केंद्र हैं। कुल मतदाता 3 लाख 75 हजार 06 हैं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 90 हजार 345 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 84 हजार 661 है। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता 2 लाख 87 हजार 746 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 46 हजार 308 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 41 हजार 438 है।

बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 87 हजार 260 है। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 44 हजार 37 है और पुरुष मतदाताओं की संख्या 43 हजार 223 है। आज इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा धीरज ठाकुर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक व अन्य उपस्थित थे।

# पुनासी डैम में डूबने से एक की मौत, गांव में पसरा मातम



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**देवघर।** पुनासी डैम में डूबने से एक व्यलक्ति की मृत्यु हो गई। इसके बाद जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पुनासी गांव में मातम पसर गया है। दरअसल, मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के हरदिया गांव निवासी ब्रह्देव दास की शादी पुनासी निवासी रूपेश दास की बेटी से हुई थी। ब्रह्देव अपने साला के साथ घर के पास स्थित पुनासी डैम स्नान करने गया था।

डैम में नहाने के लिए दोनों उतरे। ब्रह्देव और इसका साला गहरे पानी की ओर बढ़ गए। दोनों डूबने लगे। ब्रह्देव के साला को तैरना आता था। वह तैर कर बाहर आ गया. लेकिन ब्रह्देव गहरे पानी में समाता चला गया। देर शाम तक गोताखोरों ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नही चल सका।

ससुराल और गांव वाले डूबने से मौत की आशंका जता रहे थे। क्षेत्र में रहने वाले पूर्व मंत्री सुरेश पासवान सूचना के बाद डैम पहुंचे। जिला के अधिकारियों को जल्द से जल्द उसे ढूंढने का आग्रह किया। देर शाम तक उसका कहीं पता नहीं चल सका। आखिरकार एनडीआरएफ की टीम ने सुबह स्थानीय लोगों की मदद से उसके शव को बरामद किया।

# चुनाव सामग्री देखकर मतदान कर्मियों को बूथ के लिए किया गया रवाना

**सरायकेला।** मंगलवार को जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र सरायकेला, खरसावां और ईचागढ़ के लिए कल होने वाले मतदान को लेकर चुनाव सामग्री देकर मतदान कर्मियों को बूथों के लिए रवाना किया जा रहा है। मालूम हो कि सरायकेला के एनआर गवर्मेंट स्कूल से खरसावां विधानसभा के लिए जबकि सरायकेला और ईचागढ़ विधानसभा के लिए काशी साहू कॉलेज में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। जहां मतदान कर्मियों के बीच ईवीएम, वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट और सभी तरह के प्रपत्र देकर उन्हें निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव की जिम्मेदारी सौंपकर बूथों के लिए



रवाना किया जा रहा है। मालूम हो कि जिले के तीनों विधानसभा सीटों के लिए कुल 1055 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें ईचागढ़ के लिए 342 केंद्र, सरायकेला के लिए 431 और खरसावां विधानसभा के लिए कुल 282 मतदान केंद्र शामिल हैं। जहां तीनो विधानसभा के कुल 8 लाख 85 हजार 62 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसमें तीनों विधानसभा मिलकर पुरुष मतदाताओं की संख्या 4,40,501 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 4,44,552 है। वहीं अन्य मतदाताओं की संख्या 9 है। ईचागढ़ में कुल मतदाताओं की संख्या 2, 88, 793 है, इसमे पुरुष वोटर 1, 44, 788 हैं जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1, 44,003 है. वहीं अन्य मतदाता 2 है। इसी तरह सरायकेला विधानसभा में कुल मतदाता 3 लाख 69 हजार 195 है। इनमें पुरुष मतदाता 1 लाख 83 हजार 420 हैं, जबकि महिला मतदाता 1 लाख 85 हजार 770 है। वहीं अन्य मतदाता 5 हैं।

# चुनाव में प्रतिनियुक्ति पर आए गृह रक्षक की मृत्यु

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गढ़वा।** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर बजरमरवा अंतरराज्यीय चेकनाका ड्यूटी के लिए गृह रक्षक बीरबल राम को प्रतिनियुक्ति किया गया था। उनकी 11 नवंबर, 2024 की अचानक तबीयत बिगड़ने पर इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भवनाथपुर में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। गृह रक्षक के शव को 12 नवंबर को पुलिस केन्द्र लाया गया। यहां पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक अभियान, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, परिचारी प्रवर एवं जवानों द्वारा अंतिम सलामी एवं पुष्पांजलि दी गई।

## संक्षिप्त

### डीसी ने पीठासीन पदाधिकारियों के प्रशिक्षण का लिया जायजा

**जामताड़ा :** साहिबगंज जिले में विधानसभा चुनाव स्वच्छ व बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के लिए मंगलवार को पीठासीन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी हेमंत सती ने जवाहर नवोदय विद्यालय में पीठासीन पदाधिकारी P1, P2, P3 को दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट से संबंधित रजिस्टर 5, पीठासीन अधिकारी की डायरी (अनुलग्न 7), मतदान के बाद दस्तावेज व सामाग्रियों की सुपुर्दगी की रसीद को भरे जाने आदि को बारीकी से देखा और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मौके पर बरहेट (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, राजमहल के निवार्ची पदाधिकारी एसडीओ कपिल कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### चतरा के पिपरवार में लेवी के लिए बदमाशों ने की फायरिंग

**चतरा :** पिपरवार थाना क्षेत्र में ठीक वोटिंग से एक दिन पहले अपराधियों ने पिपरवार कांटा घर से नजदीक लिफ्टरों एवं ट्रक मालिकों के अड्डे पर ताबड़तोड़ 8 राउंड फायरिंग किया है। घटना मंगलवार अपराह्न 11 बजकर 35 मिनट की बताई जा रही हैं। पिपरवार के पांच नंबर कांटा घर के पास रोड किनारे जंगल में खाली पड़े एक जगह पर प्रतिदिन लिफ्टर और ट्रक मालिक ट्रकों की लोडिंग के लिए फार्मेट का वितरण करते हैं। घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सभी लिफ्टर और ट्रक मालिक अपने काम में व्यस्त थे। तभी गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई देने लगी। गोली की आवाज सुनते ही वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई और अफरा-तफरी में लोग गिरते पड़ते दूसरी ओर भागने लगे, जिसमें कुछ लोगों को चोटें भी आईं हैं। उनकी माने तो 8 राउंड गोलियां चलाई गई हैं। इस बीच अपराधियों द्वारा एक ट्रक मालिक से हथियार का भय दिखाकर उसके हाथों से 26 हजार रुपये छीन लिया गया।

### विधानसभा चुनाव में 50 कंपनियां हैं तैनात

**हजारीबाग :** विधान सभा के चुनाव की घोषणा होने के पहले पुलिस प्रशासन ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली। इस बार विधानसभा चुनाव में 50 कंपनियां तैनात की गई है। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हो इसके लिए बी एस एफ, सीआईएएफ, ईको, जैप के कंपनी के जवान तैनात किए गए है। 668 बूथों में 485 क्रिटिकल एवं वर्नेबल बूथ चिन्हित किये गये है। इन सभी बूथों पर सीआरपीएफ के जवान तैनात होंगे। जिले में 15 चेक पोस्ट बनाए गए जिसमें एक इंटरस्टेड और 14 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट है। सभी चेक पोस्ट में सुरक्षा के चाक चैबंद पूरी तरह से देखा गया है।

### नागालैंड आईआरबी के जवान सड़क दुर्घटना में घायल

**हजारीबाग :** नागालैंड आईआरबी के जवान सिटेलो रेगंना हजारीबाग में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। नागालैंड आईआरबी हजारीबाग में चुनाव संपन्न करने के लिए पहुंचे हैं। बताते चले की सिंदूर स्थित एक बूथ में इन्हें तैनात किया गया था। इसी बीच अपने बूथ से वे कुछ समान लेने के लिए बाहर निकले सड़क पार करने के दौरान एक गाड़ी ने उन्हें मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में लाया गया जहां प्रारंभिक इलाज करने के दौरान उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ अनिल ने जानकारी दिया कि उन्हें हेड इंजरी है इसके अलावा उनके चेहरे पर भी गंभीर चोट है। एक पैर भी टूटा है स्थिति बेहद नाजुक है इसे देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलने के बाद कोर्रा पुलिस अस्पताल पहुंची और पूरे मामले की जानकारी इकट्ठा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किस गाड़ी ने धक्का मारा है इसकी पहचान नहीं हो पाई है। सुचना मिलने के बाद नागालैंड आईआरबी के पदाधिकारी भी अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली वहीं घायल जवान के साथ दो अन्य जवान भी उनके साथ रांची गये हैं।

# अशांति फैलानेवालों पर की जायेगी कड़ी कार्रवाई

## शांतिपूर्ण चुनाव के लिए रायडीह थाना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गुमला :** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना के जवानों और सुरक्षाकर्मियों ने रायडीह थाना क्षेत्र के कई ग्रामों में पैदल और मोटरसाइकिल से फ्लैग मार्च किया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों और नक्सलियों के साथ मुकाबला करने के लिए पुलिस तैयार है। चुनाव में विघ्न डालने पर इन तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा चुनाव पर्व को शांतिपूर्वक मनाएं सभी कोई मतदान करने के लिए जरूर पहुंचे किसी प्रकार की अशांति फैलाने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। फ्लैग मार्च रायडीह थाना परिसर से निकलकर मरदा, सिलम, कुलमुंडा, बकसपुर, डोबडोबी, नवागढ़ पतराटोली, मांझा टोली, बरगी डांड, पुराना रायडीह, टुडूरमा, मरियमटोली, कांसीर आदि गांव में घूमते हुए वापस थाना आकर समाप्त हुआ।

# अपनी तकदीर व क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए केएन त्रिपाठी एकमात्र विकल्प : दीपक तिवारी

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**मेदिनीनगर :** झामुमो के युवा नेता व इंडियन रोटी बैंक के झारखंड प्रदेश कॉर्डिनेटर दीपक तिवारी ने कहा कि अपनी तकदीर व क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए महागठबंधन के प्रत्याशी के. एन त्रिपाठी एकमात्र विकल्प हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि मूलभूत सुविधाओं के लिए महागठबंधन के प्रत्याशी के. एन त्रिपाठी को वोट करें।

दीपक तिवारी विधानसभा चुनाव को लेकर आज डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं मुहल्लों में जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। उन्होंने कहा कि के. एन त्रिपाठी स्वच्छ छवि के व्यक्ति हैं और और वे



आरंभिक काल से ही जनता की सेवा करते रहे हैं। संघर्ष ही उनकी पहचान रही है। उनमें राजनीति की परख है। पूर्व में विधायक एवं अपने मंत्रित्व काल में उन्होंने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में बेहतर विकास के जो कार्य किए हैं, वह किसी से छुपी नहीं है।

उनके द्वारा किये गये कार्यो से जनता अवगत है। उन्होंने हर व्यक्ति से मिलजुलकर उनकी समस्याओं का सामाधान किया। दूसरी बार विधायक बनकर श्री त्रिपाठी विकास के अधूरे कार्यो को पूर्ण करेंगे। स्वच्छ, सुंदर व विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाने की उनकी जो सपना है, उस कार्य को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि निवर्तमान विधायक दस वर्षो में जनता के साथ कभी खड़ा नहीं दिखे। उनके द्वारा किये गये कोई भी कार्य जनता को नहीं दिखती। क्षेत्र की जनता उन्हें पहचानते तक नहीं हैं। ऐसे विधायक से जनता को कोई उम्मीद नहीं है। जनता ने उन्हें नकार दिया है। दीपक तिवारी ने कहा कि डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता अब जाग चुकी है।

# सिविल कोर्ट परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन गुरुवार को

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले आगामी 14 दिसंबर को एक नेशनल लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट परिसर में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत की तैयारी को लेकर मंगलवार को प्रधान जिला जज रंजीत कुमार ने न्याय सदन परिसर में एक बैठक संपन्न की।

बैठक में हजारीबाग बार संघ के पदाधिकारियों में सचिव सुमन कुमार सिंह, अध्यक्ष राजकुमार, उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह के अतिरिक्त बार संघ के कई सदस्य मौजूद थे। आगामी लोक अदालत में ज्यादा-से-ज्यादा मामलों का निष्पादन हो और पक्षकारों को इसका त्वरित लाभ मिल सके इसे लेकर प्रधान जिला जज ने न्यायिक पदाधिकारी के साथ भी एक अलग बैठक की और आगामी लोक अदालत को लेकर तैयारी और स्थितियों का जायजा लिया। बैठक के दौरान हजारीबाग बार संघ के सदस्यों ने प्रधान जिला जज के समक्ष पक्षकारों की सुविधाओं को लेकर कई तरह की बात रखी। जिसे सुनने के पश्चात उसके सटीक निराकरण को लेकर प्रधान जिला जज गंभीर दिखे और उसमें हरसंभव मदद करने का भी आश्वासन दिया।

# चतरा में पत्नी की गला घोंट कर की हत्या

**चतरा :** सिमरिया हाई स्कूल की शिक्षिका प्रीति कुमारी की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मंगलवार को जंगल से शव को बरामद कर लिया है। हत्या में संलिप्त पति ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। इस बाबत मृतका के भाई अरुण कुमार रजक ग्राम इरगा, थाना दारु हजारीबाग ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार, प्रीति की शादी 14 वर्ष पूर्व पथलगडा प्रखंड के बोगासाड़म निवासी शंकर रजक के साथ हुई थी। शादी के बाद शंकर ने मेहनत मजदूरी कर पत्नी को पढा-लिखाकर पीजीटी शिक्षक बनाया लेकिन सिमरिया हाई स्कूल में योगदान देने के बाद पति-पत्नी में अनबन हो गई।




परिवार के लोगों ने आपसी समझौता कराया लेकिन दोनों में समन्वय नहीं बना। दोनों के दो बच्चे भी हैं। इस बीच सोमवार की अहले सुबह सिमरिया में किराए के मकान में पत्नी के साथ बरवाडीह निवासी अनुज रजक को देख कर पति आग बबूला हो गया। अनुज को बोगासाड़म गांव लाया गया। पथलगडा पुलिस सूचना पर अनुज को थाना ले गयी। इस बीच शंकर रजक पत्नी प्रीति को लेने दुबारा सिमरिया आया। दोनों के बीच गाड़ी में काफी नोक-झोंक हुई। इस दौरान दुपट्टा खींचतान में प्रीति की मौत हो गई। घटना के बाद शंकर ने शव को सिमरिया थाना क्षेत्र के चाडरम गांव स्थित जंगल में फेंक कर पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो वाहन को भी बरामद किया है जबकि वाहन चालक फरार है। घटना के बाद मृतका के भाई ने पति शंकर रजक, ससुर कार्तिक बैठा, भैसुर नन्दकिशोर रजक, रामचंद्र रजक, देवर विनोद रजक, अनिल रजक और राजेश रजक को अभियुक्त बनाया। सिमरिया पुलिस ने शव बरामद करने और शंकर रजक के सरेंडर के तुरंत बाद अनिल रजक को गिरफ्तार कर लिया।

# गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकाली गयी प्रभात फेरी

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**झुमरीतिलैया :** सिखों के गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली गई प्रभात फेरी का समापन 05 प्रभात फेरी के साथ हुआ।

यह फेरी सुबह 5 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से निकलकर गुरुनानक पुरा पहुंची, जहां बलबीर सिंह भाटिया ने प्रभात फेरी का स्वागत किया। इसके बाद, प्रभात फेरी गुरुद्वारा कलगीधर सभा पहुंची, जहां अवतार सिंह द्वारा किया गया। प्रभात फेरी सुबह 7:30 बजे वापस गुरुद्वारे पहुंची, जहां संगत के लिए लंगर की सेवा की गयी। इस अवसर पर प्रभात फेरी का नेतृत्व प्रधान हरजीत सिंह, सचिव गुरुभेज सिंह और कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह सोनी ने किया। अरदास की सेवा पूर्व सचिव यशपाल सिंह गोल्डन ने की। यशपाल सिंह गोल्डन ने जानकारी दी कि 13 नवंबर को निशान साहिब का चोला बदला जायेगा और रात 01 बजे लड़ी का अंतिम पाठ शुरू होगा।

14 नवंबर को दिन में 11:30 बजे शोमा यात्रा निकाली जायेगी, जो पूरे शहर का भ्रमण करेगी। 15 नवंबर को प्रकाश पर्व मनाया जायेगा, जिसमें दिनभर भंडारा होगा और रात में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया जायेगा।

# आकलन के अनुसार महज 15 सीट पर भाजपा सिमटेगी : यशवंत सिन्हा

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग :** देश के पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने हजारीबाग में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर निशाना साधा है और कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव का वक्त है इस कारण लोकल फॉर वोकल के लिए ही आगे आना होगा। यशवंत सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी के ऊपर आरोप लगाया कि इस पूरे चुनाव में पार्टी के कार्यकताओं को दूर रखा गया। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता घर में झुनझुना बाजा रहे हैं।

इस विधानसभा चुनाव में स्पष्ट है कि भाजपा कार्यकर्ता को पूछ नहीं रही है. बल्कि इंपोर्टेड माल उन्हें पसंद आ रहा है जो इंपोर्टेड होकर आए हैं उन्हें टिकट मिल गया है। अब चुनाव लड़ रहे है टिकट के लिए पैसे का लेनदेन किया गया है। जिसने सबसे अधिक बोली लगाई उन्हें टिकट बेच दिया गया है। इन्होंने हजारीबाग सदर विधानसभा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यहां का चुनाव रोचक है। बीजेपी में टिकट के दौड़ में 20 से 25 कार्यकर्ता थे. सबको निराशा हुई एक ऐसे उम्मीदवार को लाया गया जिनकी छवि क्या है यह किसी से छुपी हुई नहीं है। बीजेपी यहां सेल्फ गोल करने का निर्णय ले लिया है। तो बड़कागांव के उम्मीदवार खुद




को एनडीए के बता रहे हैं। वहां भी बीजेपी के कार्यकर्ताओं को चुनाव से मरहूम रखा गया है।

बरही में भाजपा ने उसे उम्मीदवार बनाया है जिसे कभी बीजेपी के कार्यकर्ता सुरक्षा के लिए प्रशासन से मांग करते थे। ऐसे में समझा जा सकता है की टिकट बटवारा में किस तरह का खेल खेला गया। यशवंत सिन्हा अटल विचार मंच राजनीतिक पार्टी का आधारशिला भी रखे हैं। इन्होंने कहा कि बरही में कांग्रेस के उम्मीदवार अरुण साहू, रामगढ़ में कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी और हजारीबाग में कांग्रेस उम्मीदवार मुन्ना सिंह को अपना समर्थन दिया है।

वही मांडू, बड़कागांव और बरकट्ठा में पार्टी दमदार स्थिति में चुनाव लड़ रही है और अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराएगी। इन्होंने यह भी कहा कि देश की राजनीति में अब आईडियोलॉजी खत्म हो गई है। भाजपा एक व्यक्ति के आसपास घूम रही है। झारखंड का चुनाव पर पूरे देश की नजर है पिछली बार इन्होंने 65 पार का नारा दिया था इस बार कोई नारा नहीं दे रहे हैं। वही एक आकलन के अनुसार महज 15 सीट पर भाजपा सिमटी हुई दिख रही है। यशवंत सिन्हा ने हजारीबाग में असम के मुख्यमंत्री पर जोरदार निशान साधा और कहां की वह झारखंड में संप्रदाय फैलाने आ रहे हैं उनके ऊपर 1000 से अधिक केस दर्ज होना चाहिए। आदर्श आचार संहिता के दौरान धर्म और जात की बात को लेकर वोट मांग रहे हैं। यही नहीं प्रधानमंत्री भी उनसे पीछे नहीं है।

प्रधानमंत्री ने एक है तो सेफ है का नारा दिया है वे बताएं कि एक किसे रहने के लिए कहा जा रहा है और किससे खतरा है। प्रधानमंत्री देश का होता है ना कि किसी जात का। आज वे जात की बात कर रहे हैं. भारतीय जनता पार्टी का स्तर चुनाव में और भी अधिक गिर गया। इन्होंने कहा कि हजारीबाग की चिंता है इस कारण 89 साल में भी यहां की लोगों के लिए लड़ रहे हैं। कुछ ताकत हजारीबाग को धनबाद बनाना चाहती है जिस तरह से धनबाद क्राइम कैपिटल के रूप में जाना जाता है अब हजारीबाग भी इसी और अग्रसर हो रहा है. दिनदहाड़े हाल के दिनों में मंजीत यादव की हत्या इस बात को इशारा कर रहा है. धनबाद में माफिया राज चलता है .अब हजारीबाग में भी कुछ सामाजिक तत्व माफिया राज बनने में लगे हुए हैं. इसलिए हजारीबाग को बचाने के लिए सोच समझकर मतदान करना है।

## संक्षिप्त

### तुपकाडीह में मनाया गया खाटू श्याम जन्मोत्सव

**बोकारो ।** मंगलवार को तुपकाडीह के चैती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में खांटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाने के बाद विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना करने के बाद शाम से देर रात तक महाप्रसाद का वितरण और भक्ति जागरण का कार्यक्रम किया गया। श्याम भक्तों में पूर्व मुखिया टीना सिंह, राहुल मेहता, अंकित अग्रवाल, गोपी किशन, आशीष नायक, अप्पू दुबे, सूरज, रोहित राजा, नीरज, रवि, राजेंद्र, किशन गुप्ता, आदित्य अग्रवाल, गोलू अग्रवाल, साहिल महतो आदि मौजूद रहे।

### चैंबर सदस्यों का मतदाता जागरुकता अभियान शुरू

**बोकारो :** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों ने नगर के सिटी सेंटर में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत मंगलवार को अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में की। सिटी सेंटर के पेट्रोल पंप, रिलायंस स्मार्ट, मारुति शोरूम सहित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में चेंबर के सदस्यों ने पोस्टर लगाए तथा बुकलेट प्रदान कर आगामी 20 नवंबर को बोकारो विधानसभा मतदान के दिन अपना वोट करने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने व्यापारियों से अपील करते हुए अनुरोध किया कि वे स्वेच्छा से बोकारो विधानसभा में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राहकों को प्रोत्साहित करते हुए डिस्काउंट देने की घोषणा करें। कार्यक्रम में बिनय सिंह, सिद्धार्थ पारीख, प्रदीप सिंह, ब्रह्मदेव गुप्ता, भोल्टू मंडल, कमलेश जायसवाल, अनूप भालोटिया, अंकित चोपड़ा, सिद्धार्थ जैन, राजीव कुमार, संतोष चौधरी, हिमांशु कुमार सहित कई अन्य व्यवसायी मौजूद रहे।

### बोकारो बास्केटबॉल टीम का चयन ट्रायल कल से : संजीव

**बोकारो :** बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा पुरुष बास्केटबॉल टीम का चयन ट्रायल 14 नवम्बर से प्रारंभ किया जा रहा है। झारखंड बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वीं सीनियर झारखंड बास्केटबॉल प्रतियोगिता 21 नवम्बर से 24 नवम्बर तक ईस्ट सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल संघ के द्वारा धातकीडीह, जमशेदपुर में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में झारखंड की सभी टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के दौरान सीनियर झारखंड बास्केटबॉल महिला एवं पुरुष टीम का चयन किया जाएगा और चयनित टीम सीनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। उक्त जानकारी देते हुए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव संजीव कुमार ने बताया कि जो खिलाड़ी टीम में शामिल होना चाहते हैं, उनके लिए चयन प्रक्रिया 13, 14 एवं 15 नवम्बर को सेक्टर 12 स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में संध्या 4 बजे से आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

### डीपीएस बोकारो में करियर मेला आयोजित, उच्चतर शिक्षा की विविधता से अवगत हुए विद्यार्थी

# दृढ़ निश्चय के साथ बनाएं एक लक्ष्य : शंकर

प्रातः नागपुरी संवददाता

**बोकारो ।** 12वीं कक्षा के बाद विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा और करियर के विभिन्न आयामों की जानकारी देने के उद्देश्य से मंगलवार को डीपीएस बोकारो में करियर गाइडेंस मेला 2024 का आयोजन किया गया।

शिक्षा के इस मेले में देश के विभिन्न नामचीन विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने अपने यहां उपलब्ध पाठ्यक्रमों तथा उनसे संबंधित अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य वक्ता मुंबई से पहुंचे अंतरराष्ट्रीय स्तर के लब्ध-प्रतिष्ठित करियर परामर्शदाता व काउंसेलर शंकर मुरलीधरन, मेला-आयोजन की सहयोगी संस्था एडुकेटर्स इंडिया के निदेशक सुनील प्रजापति एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े श्री मुरलीधरन ने अपने संबोधन में बदलते समय और परिदृश्य के अनुसार करियर चुनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित 11वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाभ, इसकी सीमाओं तथा इससे संभावित चुनौतियों की जानकारी देते हुए इसके सदुपयोग पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों में 12वीं के बाद करियर-चयन को लेकर उलझन और कंफ्यूजन में पड़ने की बजाय अपनी रुचि के अनुसार एक लक्ष्य निर्धारित करने का संदेश दिया। कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति धैर्यपूर्वक निरंतरता बनाए रखें। उन्होंने उद्यमशीलता के फायदे भी बताए।



### 20 विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने किया मार्गदर्शन

इस शैक्षणिक मेले में एक ही छत के नीचे छात्र-छात्राओं को 12वीं के बाद मेडिकल, इंजीनियरिंग और सिविल सेवाओं के अलावा प्रबंधन, वित्त-वाणिज्य, खेल, संगीत, पत्रकारिता व जनसंचार, विधि, डिजाइनिंग, सूचना-तकनीक, एआई और मल्टीमीडिया क्षेत्र सहित करियर के विभिन्न अवसरों की अद्यतन जानकारी दी गई। मेले में झारखंड सहित चेन्नई, पुणे, अहमदाबाद, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, बेंगलुरू आदि जगहों से आए लगभग 20 विश्वविद्यालयों के स्टॉल लगाए गए, जहां ऑन दी स्पॉट आवेदन भी उपलब्ध कराए गए।

### करियर के प्रति जागरुकता जरूरी : प्राचार्य डॉ. गंगवार

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्र-छात्राओं को करियर के विभिन्न आयामों से अवगत होने का अवसर प्रदान करते हैं। इसके जरिए वे अपने भविष्य को एक सही दिशा दे पाते हैं। वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य में बच्चों का करियर के हर क्षेत्र में अपडेट और जागरूक होना जरूरी है। इसी उद्देश्य से डीपीएस बोकारो द्वारा यह जागरुकतापरक आयोजन किया गया। ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। इसके पूर्व, कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय की हेड गर्ल ऋद्धिमा कौशल ने स्वागत संबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन वाइस हेड गर्ल मानसी पांडेय तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन हेड बॉय कन्हैया भारद्वाज ने किया।

### बीएसएल में महिला कर्मियों के लिए नई सुविधाओं का उद्घाटन

## बेफिक्र हो काम करेंगी माताएं, बच्चे करेंगे शिशु सदन में मस्ती



प्रातः नागपुरी संवददाता

**बोकारो।** बीएसएल में कार्यरत महिला कर्मियों के छोटे बच्चों को अब इस्पात भवन में अवस्थित क्रेच (शिशु सदन) में और भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएँगी। किलकारी नामक शिशु सदन के इन नवीकृत सुविधाओं का उद्घाटन मंगलवार को बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया।

इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभार एम एम) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (एच आर एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता, सीएमओ इंचार्ज डॉ बी बी करुणामय सहित अन्य वरीय अधिकारी तथा बीएसएल की महिला कर्मी उपस्थित थे। नवीकृत सुविधाओं से लैस किलकारी शिशु सदन का संचालन एक पेशेवर संस्था सतनाव प्री-स्कूल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा, जिनके प्रोफेशनल व प्रशिक्षित कर्मी क्रेच में बच्चों की देखभाल करेंगे। क्रेच से लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, साथ ही यहां बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। क्रेच में बच्चों के आराम के साथ-साथ उनके मनोरंजन और फन एक्टिविटी की व्यवस्था भी की गई है और शिशु सदन भवन व परिसर को आकर्षक एवं सुसज्जित बनाया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, किलकारी क्रेच की सुविधा का लाभ बीएसएल में कार्यरत वैसे महिला कर्मी उठा सकते हैं जिनके बच्चे छह माह से छह साल तक की उम्र के हैं। क्रेच सभी कार्य दिवस (सोमवार से शनिवार) सुबह 8 बजे से संध्या 6 बजे तक खुला रहेगा। इस सुविधा का लाभ उठाने को इच्छुक बीएसएल की महिला कर्मी परिपत्र संख्या बीएसएल/ पीईआरएस/ आरआर-39/ 2015-385, दिनांक 14/ 03/ 2015 के तहत अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

### बीएसएल की क्यूसी टीम ने कोलंबो में जीता स्वर्ण




**बोकारो :** बीएसएल (बोकारो इस्पात संयंत्र) की किरीबुरू आयरन ओर माइंस की क्वालिटी सर्किल (क्यू सी) टीम उन्नति को कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कंट्रोल सर्किल (आई सी क्यू सी सी - 2024) में गोल्ड अवार्ड प्राप्त हुआ है। किरीबुरू आयरन ओर माइंस की क्यू सी टीम उन्नति को उनकी इस सफलता पर बीएसएल के वरीय अधिकारियों ने बधाई दी है।

## हमारा वोट हमारा भविष्य : संजय बैद

### चास रोटरी ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



प्रातः नागपुरी संवददाता

**बोकारो ।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन के आग्रह पर रोटरी क्लब चास ने चास क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान जरूर करने के लिए समझाया एवं प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई गई मतदाता मार्गदर्शिका भी मतदाताओं के बीच वितरित की गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि मतदान करने से हम अपनी पसंद की सरकार बना सकते हैं जो राज्य के लिए बेहतर हो। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि हमारा मतदान राज्य की दिशा एवं दशा को प्रभावित करता है। हरबंस सिंह सलूजा ने कहा कि हमारा मत कानून एवं नीतियों के प्रति स्वीकृति अथवा अस्वीकृत करने का तरीका है। मंजीत सिंह ने कहा कि मतदान करके हम अपनी आवाज बुलंद कर सकते हैं। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने अपने सामाजिक दायित्व तहत बोकारो के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया। मुकेश ने बताया कि मतदान जागरूकता के लिए शहर में होर्डिंग एवं बैनर भी लगाए गए हैं।

## बोकारो : नवीनतम तकनीकों से हिन्दी सशक्तीकरण में बंटाएं हाथ : निदेशक प्रभारी

### बोकारो नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक का आयोजन



प्रातः नागपुरी संवददाता

**बोकारो ।** राजभाषा नीति को बढ़ावा देने के साथ उसके कार्यान्वयन में आने वाली मुश्किलों को दूर करने तथा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु मंगलवार को बोकारो नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की वर्ष 2024-25 की पहली बैठक बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बोकारो निवास के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में भारत सरकार के राजभाषा विभाग, उप निदेशक (कार्यान्वयन) पूर्वी क्षेत्र विचित्र सेन गुप्त सहित बीएसएल के अन्य अधिकारी तथा बोकारो नराकास के सदस्य संगठनों के प्रधान उपस्थित थे।

बैठक की शुरूआत परंपरागत तरीके से अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। तत्पश्चात बीएसएल के महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) सी आर के सुधांशु ने सभी सदस्य संगठनों के प्रधान प्रतिनिधियों से परिचय कराया तथा अतिथियों का स्वागत किया। बीएसएल के सहायक महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) शशांक शेखर ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति पर प्रकाश डाला।सदस्य संगठन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी को कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने का आह्वान किया तथा कहा कि सभी संस्थान अपने यहां होने वाली बैठकों के कार्यवृत्त को हिंदी भाषा में जारी करें तथा राजभाषा से सम्बंधित आंकड़े को सही रूप में भरें। उन्होंने कहा कि नवीनतम तकनीकों, ई-टूल्स इत्यादि के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में मदद मिली है और इसे आगे भी गति देने की जरूरत है। उप निदेशक (कार्यान्वयन) पूर्वी क्षेत्र विचित्र सेनगुप्त ने भी बोकारो नराकास में राजभाषा कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपस्थित सभी सदस्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने राजभाषा के प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंत में सहायक महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) शशांक शेखर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### जनता लड़ रही विकास की लड़ाई : डॉ. लंबोदर

प्रातः नागपुरी संवददाता

**बोकारो।** गोमिया के निवर्तमान विधायक सह एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के टीकाहारा, कोदवाटांड़ और ललपनिया पंचायत के लोगों से जनसंपर्क अभियान के दौरान वोट देने की भावनात्मक अपील की।

पदयात्रा करते हुए जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने एक-एक घर जाकर घर में रहने वाले लोगों से अपने पक्ष में वोट मांगा। यह चुनाव वह नहीं, उनके विधानसभा क्षेत्र की जनता लड़ रही है और जब जनता चुनाव लड़ती है तो कोई प्रत्याशी जनता से जीत नहीं सकता। जनता विकास की लड़ाई लड़ रही है। अभियान में धनीराम मांझी, अर्जुन मरांडी, संध्या रानी, प्रेमलाल साव, महेश महतो, अरविंद करमाली, दीपक ठाकुर, संतोष साव, राजबल्लभ प्रसाद आदि शामिल हुए।



## बोकारो में योगी आदित्यनाथ की सभा कल : बिरंची

प्रातः नागपुरी संवददाता

**बोकारो।** 14 नवम्बर को बोकारो के पुस्तकालय मैदान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा 11 बजे से होगी। यह जानकारी अपने जनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को बोकारो विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण ने कही। उन्होंने कार्यकताओं के साथ चास प्रखंड के चौरा, भांगाबाजार, मधु टांड़, बगदेगा, चाकुलिया, मूर्तिटांड़, रामडीह, चितामी, भेद्राडीह, जाला, आमटांड़, काशीटांड, सुनता, घटियाली, सोनाबाद, बंधुडीह, आमदिहा, हरिडीह, बांधगोरा आदि गांवों में जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में 20 नवम्बर को मतदान करने का आग्रह किया।

साथ ही, 14 नवम्बर को उन्होंने योगी आदित्यनाथ की सभा में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आने और उनका संबोधन सुनने का आग्रह किया। उन्होंने ने कहा कि वादा खिलाफी, झूठे वादे, लूट, भय, अत्याचार से लोगों में हेमंत सरकार के खिलाफ रोष है। जिस वादे के साथ 2019 में सरकार बनी, पांच साल पूरे हो गए, मगर कोई भी जनता से किया गया वादा पूरा नहीं हुआ। झारखंड की खनिजों की लूट मची, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के परिवार के लोग भी शामिल हैं। बोकारो विधानसभा की जनता अपना मन बना चुकी है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित के काम पुनः शुरू हों। उन्होंने बोकारो के पुस्तकालय मैदान में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर सभास्थल का भी निरीक्षण किया। इस क्रम में उनके साथ भाजपा नेता कमलेश राय, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष मिहिर सिंह, संजय त्यागी, संजय पांडेय आदि मौजूद रहे।



## अमर बाउरी ने कई गांवों का किया दौरा

### लोगों से मांगा जीत का आशीर्वाद

प्रातः नागपुरी संवददाता

**चंदनकियारी :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं चंदनकियारी के भाजपा प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी ने मंगलवार को क्षेत्र के सिन्दूरपेटी, बेलुन्जा सहित कई गांवों का दौरा कर लोगों से अपनी जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने चंदनकियारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में लाखों लोगों की उपस्थिति और जनसभा की सफलता के लिए क्षेत्र के लोगों के प्रति आभार जताया।

साथ ही, झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-राजद ठगबंधन की बेईमान व भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा व एनडीए सरकार की वापसी में लोगों से सहयोग देने की अपील की। ग्रामीणों से संवाद करते हुए श्री बाउरी ने इस बात का भी खुलासा किया कि किस तरह वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार ने जनता की गाढ़ी कमाई को लूटा है और बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देकर झारखंड की अस्मिता पर खतरा पैदा किया है। इस क्रम में उन्होंने पिछले दस वर्षों के दौरान उनके द्वारा चंदनकियारी में किये गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज चंदनकियारी का नाम देश-दुनिया में है। उन्होंने समाज को बांटकर केवल अपना हित साधने वाले झामुमो और उसके सहयोगी दलों से लोगों को सावधान रहने की अपील की। इस दौरे में उनके साथ काफी संख्या में ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल थे।



## बोकारो में विशेष सामान्य व पुलिस प्रेक्षक ने की चुनावी तैयारियों की समीक्षा

प्रातः नागपुरी संवददाता

**बोकारो ।** विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र तिवारी एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ने बोकारो परिसदन सभागार में आयोजित एक बैठक में जिले में विधानसभा आम चुनाव को लेकर तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक कोयला प्रक्षेत्र डा. माइकल राज, पुलिस उप महानिरीक्षक सुरेंद्र कुमार झा, सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र तिवारी एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त से अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त ने बताया कि तैयारियों की गति आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार समयबद्ध जारी है। ईवीएम- वीवीपैट की विधानसभावार कमीशनिंग कार्य सेक्टर 08 बी स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल (डिस्पैच सेंटर) में चल रहा है। सोमवार को गोमिया विधानसभा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग हुई, आज बेरमो विधानसभा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग हो रही है, इसके बाद चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र की कमीशनिंग होगी। कमीशनिंग कार्य पूरा होने के बाद स्ट्रांग रूम (वज्र गृह) को सील कर दिया जाएगा। चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त होने वाले मतदान कर्मियों का दूसरे चरण का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है, तृतीय चरण का प्रशिक्षण जारी है। मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों को पहुंचने को लेकर विभिन्न बड़े-छोटे वाहनों को टैग कर लिया गया है, जिले में आवश्यकता के अनुरूप वाहन उपलब्ध हैं। सामग्री कोषांग द्वारा मतदान कर्मियों के लिए सामग्री थैला बनाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। पोस्टल बैलेट के माध्यम से स्थापित विभिन्न सुविधा केंद्रों के द्वारा अब तक 8,400 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है और यह जारी है। 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग पूरी कर ली गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचना पर्ची (वीआइएस) का वितरण लगभग 75 फीसदी कर लिया गया है, शेष दो झ्र तीन दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, मतदान केंद्रों में एएमएफ सुनिश्चित करा लिया गया है, जहां फर्नीचर की आवश्यकता है, उन केंद्रों को आस-पास के विद्यालय से टैग कर दिया गया है। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के माध्यम से मतदाता जागरूकता को लेकर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं अन्य कई जानकारियों से द्वय प्रेक्षकों को अवगत कराया। इससे पूर्व, पुलिस महानिरीक्षक कोयला प्रक्षेत्र एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कोयला प्रक्षेत्र ने जिले में चुनाव को लेकर तैयारियों से विशेष प्रेक्षक को अवगत कराया। साथ ही, जिले में प्रतिनियुक्त सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षकों ने अब तक के पर्यवेक्षण के बारे में विशेष प्रेक्षकों को जानकारी दी। उधर, विशेष सामान्य प्रेक्षक श्री तिवारी एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक श्री सिंह ने बोकारो परिसदन में पौधरोपण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विशेष प्रेक्षक द्वय को गुलदस्ता देकर स्वागत किया।




## गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकाली गई प्रभातफेरी

प्रातः नागपुरी संवददाता

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल में श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व पर सिख परिवार के द्वारा मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गई।

प्रभात फेरी स्थानीय गुरुद्वारा से आरंभ की गई। गुरुद्वारा से प्रभात फेरी आरंभ होकर जीएम कॉलोनी स्थित विजय नैयर के आवास, झारखंड चौक, थाना चौक, जुबली पार्क, रेलवे स्टेशन, बी प्लांट गेट होते हुए बोकारो क्लब मैदान से होकर वापस गुरुद्वारा लौटकर समाप्त हो गई। प्रभात फेरी में शामिल संगतों का स्वागत किया गया। प्रभात फेरी में पूरे रास्ते भर सिख परिवार के संगतों ने गुरु नानक मिलिया पारब्रह्म तेरे आ, चरना को बलिहारा कीर्तन किया, जिससे प्रभात फेरी का माहौल भक्तिमय हो गया था। प्रभात फेरी की संपूर्णता के बाद महिला संगतों के द्वारा शब्द कीर्तन एवं अरदास किया गया। कीर्तन एवं अरदास उपरांत प्रभात फेरी में शामिल संगतों के बीच जलपान की सेवा की गई।




# जंग में चीन से हार का दोषी नेहरू जी को क्यों न माना जाए?



आर.के. सिन्हा

**स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू का कार्यकाल चीन के साथ संबंधों में सदैव उतार-चढ़ाव का ही बना रहा। 1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना से लेकर 1964 में मृत्यु तक, नेहरू का दृष्टिकोण चीन के प्रति विश्वास और आकर्षण से शुरू होकर अंततः चरम उदासीनता में बदल गया था। चीन से स्पष्ट नकारात्मक संकेतों के बावजूद, नेहरू ' हिंदी - चीनी भाई-भाई ' का नारा बुलंद कर न जाने क्यों संबंध के भ्रम को बनाए रखने के लिए ही उत्सुक थे।**

भारत और चीन के बीच हाल ही में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इससे या आशा की जाती है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को हल करने में मदद मिलेगी। दशकों बाद यह एक सकारात्मक पहल हुई है। सबको पता है कि दोनों मुल्कों के सीमा विवाद के कारण ही 1962 में जंग भी हुई थी। उस जंग में भारतीय सेना के वीर जवानों ने चीन के गले में अंगूठा तो डाल दिया था, पर चीन ने हमारे बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा भी कर लिया था। चीन के खिलाफ जंग में भारत के उन्नीस रहने के लिए कौन मुख्य रूप से दोषी था? कांग्रेस नेता और देश के पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह कहते थे कि चीन नीति पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदृष्टि की कमी थी। इसी कारण 1962 में भारत की सेना चीन से हारी थी। उस जंग के समय नटवर सिंह भारतीय विदेश सेवा के एक वरिष्ठ ज़िम्मेदार अफसर थे। वे कहते थे, 'जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि हम चीन के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं। वे समझ ही नहीं सके कि चीन हमारी पीठ पर छुरा घोंप देगा। दुर्भाग्यवश, उनकी चीन नीति बुरी तरह से गलत साबित हुई।' यह लिखा है पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने जो कांग्रेस सरकार में ही मंत्री थे।



स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू का कार्यकाल चीन के साथ संबंधों में सदैव उतार-चढ़ाव का ही बना रहा। 1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना से लेकर 1964 में मृत्यु तक, नेहरू का दृष्टिकोण चीन के प्रति विश्वास और आकर्षण से शुरू होकर अंततः चरम उदासीनता में बदल गया था। चीन से स्पष्ट नकारात्मक संकेतों के बावजूद, नेहरू ' हिंदी - चीनी भाई-भाई ' का नारा बुलंद कर न जाने क्यों संबंध के भ्रम को बनाए रखने के लिए ही उत्सुक थे। वे देश को चीन से जुड़े विवाद को लगातार छिपाते रहे और कृष्णमेनन जैसे कम्युनिस्ट की बात मानकर लगातार देश विरोधी गलत निर्णय लेते रहे।

दरअसल नेहरू के साथ एक बड़ी दिक्कत यह थी कि उन्हें लगता था कि सारा बुद्धि- विवेक और समझदारी उन्हीं के पास है। चीन से युद्ध के बाद उनके जन्म दिन (14 नवंबर) को संसद में चीन से युद्ध के परिणामों पर हो रही चर्चा पर उन्हें बोलना था। चर्चा 8 नवंबर, 1962 से ही जारी थी। सभी दलों के नेता अपनी बेबाक राय रख रहे थे। संसद के बाहर भी नेहरू को ही घेरा जा रहा था। लोहिया ने 1949 में ही देश को आगाह कर दिया था कि उत्तरवर्ती सीमाओं से देश पर साम्यवाद का खतरा मंडरा रहा है। यह बात उन्होंने खासतौर पर तिब्बत, नेपाल और सिक्किम में चीन की भूमिका को लक्ष्य करते हुए कही थी। साल 1950 में तिब्बत पर चीन के हमले की निंदा करने वालों में डॉ ० लोहिया अग्रणी रहे। इसके बाद से उन्होंने लगातार चीन की सीमा पर नजर जमाये रखी और नेहरू को खबरदार किया कि चीनी निजाम को उसकी कथनी के हिसाब से देखना-समझना या फिर चीन के साथ सीमाओं को लेकर किसी किस्म के लेन-देन की बातचीत में उतरना ठीक नहीं। साल 1962 में भारत को जो सदमा झेलना पड़ा उसके लिए लोहिया ने नेहरू को बड़ी खरी-खरी सुनायी थी। खैर, नेहरू ने संसद में लंबी बहस के बाद अपना वक्तव्य देना शुरू करते हुए कहा- 'मुझे दुख और हैरानी होती है कि अपने को विस्तारवादी शक्तियों से लड़ने का दावा करने वाला चीन खुद विस्तारवादी ताकतों के नक्शेकदम पर चलने लगा।' उन्हें सारा सदन पूरी गंभीरता से सुन रहा था। नेहरू जी बता रहे थे कि चीन ने किस तरह से भारत की पीठ पर छुरा घोंपा। पर जब उनके भाषण के बीच किसी सदस्य ने हस्तक्षेप किया तो वे बुरी तरह नाराज हो गए। पहली बार करनाल से सांसद स्वामी रामेश्वरानन्द ने व्यंग्य भरे अंदाज में कहा, 'चलो अब तो आपको भी चीन का असली चेहरा दिखने लगा। ' इस टिप्पणी पर नेहरू नाराज हो गए। कहने लगे, 'अगर माननीय सदस्य चाहें तो उन्हें सरहद पर भेजा जा सकता है।' सदन को भी नेहरू की यह बात समझ नहीं आई। नेहरू प्रस्ताव पर बोलते ही जा रहे थे। तब एक और सदस्य एच.वी.कामथ ने कहा, 'आप बोलते रहिए। हम बीच में व्यवधान नहीं डालेंगे।'

अब नेहरू विस्तार से बताने लगे कि चीन ने भारत पर हमला करने से पहले कितनी तैयारी की हुई थी। इसी बीच, स्वामी रामेश्वरानंद ने फिर तेज आवाज में कहा, 'मैं तो यह जानने में उत्सुक हूं कि जब चीन तैयारी कर रहा था, तब आप क्या कर रहे थे?' अब नेहरू अपना आपा खो बैठे और कहने लगे, 'मुझे लगता है कि स्वामी जी को कुछ समझ नहीं आ रहा। मुझे अफसोस है कि सदन में इतने सारे सदस्यों को रक्षा मामलों की पर्याप्त समझ नहीं है।' वे सदन में अंग्रेजी में अपनी बात रख रहे थे। निश्चित रूप से चीन से जंग के कारण वे हताश थे। उन्हें उस जंग की परिणाम ने गहरी चोट पहुंचाई थी। इसलिए वे सदस्यों पर बरसने लगते थे।

बहरहाल, चीन के खिलाफ जंग के 62 साल गुजरने के बाद भी देश उस युद्ध में जो कुछ हुआ, उसे भुला नहीं पाया है। हालांकि तब से की कई पीढ़ियां पैदा हुईं और जवान हो गईं। राजधानी दिल्ली में अनेक सड़कों के नाम जंग में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों के नामों पर हैं। पर साउथ दिल्ली की ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग पहली सड़क थी जो किसी रणभूमि के योद्धा के नाम पर रखी गई थी। यह बात 1963 की है। चीन के साथ हुई जंग के बाद पहले जिस सड़क को लक्ष्मी बाई नगर मार्ग कहा जाता था, वो हो गई ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग। ब्रिगेडियर होशियार सिंह ने चीन के खिलाफ 1962 में हुई भीषण जंग में अपने प्राणों का बलिदान दिया था। वे भारतीय सेना की टुकड़ी की अगुवाई कर रहे थे। कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़े न होने और युद्ध के लिए आवश्यक शस्त्रों के अभाव को उन्होंने आड़े आने नहीं दिया था। उस समय रणभूमि में ब्रिगेडियर होशियार सिंह की शौर्य गाथासुनकर सारे देश में देशभक्ति की भावना पैदा हो गई थी। इसलिए उस युद्ध की समाप्ति के तुरंत बाद राजधानी की एक खास सड़क का नाम उस महान वीर के नाम पर रख दिया गया। होशियार सिंह मार्ग का नामकरण करने के लिए देश के तत्कालीन रक्षा मंत्री यशवंत राव चव्हाण खुद आए थे। यानी देश ने अपने उस महान शूरवीर की याद में एक कृतज्ञता का भाव प्रकट किया था। अब भी ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग से गुजरते हुए उस महान शूरवीर और 1962 की जंग के यादें ताजा होने लगती हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### बिना वजह विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को अल्पसंख्यक संस्थान से वंचित करने वाले 1967 के अजीज बाशा केस को पलटते हुए अल्पसंख्यक संस्थान घोषित करने का मसला रेग्युलर बेंच को दे दिया। अदालत ने कहा कि कोई संस्थान कानून के तहत बना है तो भी अल्पसंख्यक संस्थान होने का दावा कर सकता है। अनुच्छेद 30 अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनका प्रशासन करने के अधिकार से संबंधित है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2006 के अपने फैसले में एएमयू को अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना था जिसके खिलाफ सबसे बड़ी अदालत में याचिका दायर की गई थी। 2019 में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने इसे सात जजों की पीठ को भेज दिया था। बीती फरवरी में यह फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। 1967 में अजीज बाशा बनाम भारत गणराज्य मामले में शीर्ष अदालत ने भी एएमयू का अल्पसंख्यक दर्जा खत्म कर दिया था। कहा कि कानून के मुताबिक स्थापित संस्थान अल्पसंख्यक होने का दावा नहीं कर सकता पर 1981 में सरकार ने एएमयू एक्ट में संसोधन कर विवि का यह दर्जा बरकरार कर दिया। एएमयू को लेकर समय-समय पर विवाद होता रहा है। आजादी की क्रांति का हिस्सा रहे सर सैय्यद अहमद खान ने इसके गठन में मुख्य भूमिका निभाई थी। समान शिक्षा के मामले में पिछड़ते मुसलमानों की स्थिति सुधारने की मंशा से उन्होंने तमाम तरक्की पसंद मुसलमानों के साथ मिल कर इस विवि की नींव ड़ाली थी। उनका सपना था कि देश के मुसलमान उच्च शिक्षा हासिल कर प्रतिष्ठित पदों कर काबिज हों। एएमयू में फिलवक्त सैंतीस हजार से अधिक छात्र पढ़ते हैं जिन्हें बगैर किसी जाति, पंथ, संप्रदाय या लिंग के भेदभाव के शिक्षा प्रदान की जा रही है। हालांकि कुछ पाठ्यक्रम सार्क और राष्ट्रमंड़ल देशों के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। धार्मिक आधार पर देशवासियों को बांटने की राजनीति करने वालों के लिए यह करारा झटका हो सकता है जबकि उच्च शिक्षा प्राप्त करने को लालयित युवाओं को बेहतर शैक्षिक वातावरण देने के प्रयास होने चाहिए। शिक्षण संस्थानों को राजनीतिक विवादों से परे रखना चाहिए। सवाल अल्पंख्यक शिक्षण संस्थान का नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने का होना चाहिए जिसमें हमारे विश्वविद्यालय बुरी तरह से असफल हैं। विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में फिसड्ड़ी साबित होने के बावजूद हमारा ध्यान उधर नहीं है जो छात्रों के बेहतरीन भविष्य के लिए बेहद जरूरी है।



## चिंतन-मनन


### मनोबल कम न हो

जीवन की जितनी अनिवार्य आवश्यकताएं हैं, वे वास्तविक समस्याएं हैं। कुछ समस्याएं हमारी काल्पनिक भी हैं। काल्पनिक समस्याएं भी कम भयंकर नहीं होती। वास्तविक समस्याएं बहुत थोड़ी हैं, गिनी-चुनी। किन्तु काल्पनिक समस्याओं का कहीं अंत नहीं है। इतनी जटिल समस्याएं जो प्रतिदिन हमारे सामने उभरती हैं। किस प्रकार काल्पनिक समस्याएं मनुष्य को सताती हैं, इसका एक उदाहरण है-

दो यात्री आमने-सामने ट्रेन में बैठे थे। ट्रेन में लड़ाई हो गई। लड़ाई का कारण, एक समस्या। समस्या काल्पनिक, केवल काल्पनिक। एक कहता है मुझे ठंड लग रही है और दूसरा कहता है मुझे गर्मी लग रही है। एक उठता है, खिड़की को बंद कर देता है। दूसरा उठता है खिड़की को खोल देता है। टी.टी. आया, यह अभिनय देखा और बोला, क्या तमाशा हो रहा है रेल में! चलती गाड़ी में क्या खेल खेला जा रहा है! एक ने कहा, हवा बहुत तेज चल रही है, मुझे ठंड लग रही है। दूसरा कहता है, खिड़की बन्द हो जाती है, मुझे बहुत गर्मी लग रही है, परेशान हो रहा हूं। टी.टी. गया खिड़की के पास और जाकर देखा तो खिड़की का प्रेम तो है, लेकिन शीशा है ही नहीं। अब कैसे हवा लग रही है और कैसे गर्मी लग रही है? मात्र काल्पनिक समस्या।

हमारी दोनों प्रकार की समस्याएं हैं-काल्पनिक समस्याएं और यथार्थ समस्याएं। ये हमारे मनोबल को कमजोर करती हैं। जिस व्यक्ति का मनोबल कम होता है, वह व्यक्ति इस दुनिया में अपराधी का जीवन जीता है। दुर्बलता खुद एक अपराध है।

# मोदी सरकार के आने के बाद संजीव खन्ना 10वें मुख्य न्यायाधीश



सनत जैन

सुप्रीम कोर्ट के 51 वे मुख्य न्यायाधीश के रूप में संजीव खन्ना ने आज शपथ ली है। राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। 2014 में केंद्र में पूर्ण बहुमत की मोदी सरकार के आने के बाद संजीव खन्ना दसवें मुख्य न्यायाधीश हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा उनके नाम की सिफारिश की गई थी। संजीव खन्ना दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस देवराज खन्ना के सुपुत्र और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एचआर खन्ना के भतीजे हैं। खन्ना परिवार के वह एक ऐसे सदस्य हैं जो न्यायपालिका के सबसे उच्च पद पर पहुंचे हैं। 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल किस तरह का होगा, इसको लेकर अभी से धारणा बनना शुरू हो गई है। पिछले 10 वर्षों में सुप्रीम कोर्ट की कार्यप्रणाली की सबसे ज्यादा चचाएं हुई हैं। संविधान ने न्यायपालिका को सर्वोच्च स्थान पर रखा है। विधायिका और कार्यपालिका द्वारा जो भी कार्य किए जाते हैं। गुण दोष के आधार पर न्यायपालिका का फैसला अंतिम माना जाता है। 2014 के पहले संविधान में प्रद्त मौलिक अधिकारों को लेकर न्यायपालिका सजगता के साथ संविधान के अनुसार गुण दोष के आधार पर निर्णय करती थी। न्यायपालिका ने सत्ता पक्ष और विपक्ष को ध्यान में रखते हुए कोई निर्णय नहीं दिया। न्यायपालिका के पास जो भी मामले गए। निष्पक्षता के साथ दोनों पक्षों को सुनते हुए संविधान के अनुरूप फैसला देने में



कभी कोई कोताही न्यायपालिका ने नहीं की। जिसके कारण हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर आम जनमानस का हमेशा विश्वास बना रहा। न्यायपालिका ने अपना अंकुश सही मायने पर सरकार और कार्यपालिका पर रखा। इन्हीं के पास अधिकार होते हैं। अधिकारों के बल पर सरकार और कार्यपालिका निरंकुस होती हैं। इनके लिए अंकुश की जरूरत पड़ती है। सरकार जो भी कानून और नियम बनाती है। वह संविधान के अनुरूप हैं, या नहीं, यह देखने का काम न्यायपालिका का होता है। संविधान ने नागरिकों को जो मौलिक अधिकार दिए हैं। उसमें कटौती या कमजोर करने का अधिकार ना तो संविधान ने न्यायपालिका को दिया है। ना विधायिका को दिया है। नाही कार्यपालिका को दिया है। संविधान ने नागरिकों के समता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति और शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। अनुच्छेद 32 के तहत न्यायपालिका को संवैधानिक उपचारों को बनाए रखने के लिए विशेष अधिकार दिए गए हैं। संविधान की मूल भावना है, मौलिक अधिकारों में हस्तक्षेप किए बिना सरकार कानून और नियम बना सकती है। कार्यपालिका सरकार द्वारा बनाए गए नियम और कानून का पालन कराने की जिम्मेदारी तय की गई है। न्यायपालिका को संविधान मे प्रदत नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार विधायिका और कार्यपालिका काम करे, इसको सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी न्यायपालिका को सौंपी गई है। 2014 के बाद की न्यायपालिका के प्रति लोगों का विश्वास लगातार कम हो रहा है। न्यायपालिका आलोचना का शिकार हो रही है। पिछले 10 सालों में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का सबसे ज्यादा हनन सरकारी कानून से हुआ है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने मौलिक अधिकारों से संबंधित कई याचिकाओं पर वर्षों सुनवाई नहीं की है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट, सरकार को विशिष्ट मानकर फैसला कर रही है। न्यायपालिका यह मानकर चलने लगी है, संसद में जो कानून सरकार द्वारा बनाए जाते हैं। उसके अनुसार न्यायपालिका को फैसला करना है। गुण दोष के आधार पर अब न्यायपालिका फैसला नहीं कर रही है। राम मंदिर के मामले में आस्था के नाम पर जमीन टाइटल के विवाद पर फैसला दिया गया। उसके बाद से न्यायपालिका द्वारा जिस तरह से फैसले दिए जा रहे हैं। उससे स्पष्ट है, न्यायपालिका यह मानकर चल रही है। सरकार जो भी नियम और कानून बना रही है, वह सही हैं। जिसके कारण संविधान मे प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। नागरिकों को महीनो और वर्षों तक जेलों में असंवैधानिक रूप से बंद रखा जा रहा है। आर्थिक और धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर लगातार भेदभाव हो रहा है। न्यायपालिका संविधान के अनुसार गुण दोष के आधार पर फैसला न करके संसद द्वारा बनाए गए कानून और नियमों को सर्वोच्च मानकर फैसला कर रही है। भारतीय न्यायपालिका का 75 वर्षों का इतिहास है। न्यायपालिका ने 65 वर्षों तक गुण और दोष के आधार पर फैसला कर संवैधानिक जिम्मेदारी का पालन किया। नागरिकों का विश्वास अर्जित किया था। पिछले 10 वर्षों में यह विश्वास कमजोर हुआ है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट सरकार की मंशा के अनुसार मामलों की सुनवाई और निर्णय करने लगे हैं। एक तरह से न्यायपालिका केंद्र सरकार का कवच बन गई है। आम नागरिकों में यह धारणा बनने लगी है। 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में संजीव खन्ना नागरिकों का विश्वास न्यायपालिका पर बनाकर रख पाएंगे यह आशा आज के दिन की जा सकती है। संविधान की मूल भावना के अनुरूप न्यायपालिका के निर्णय होंगे। न्यायपालिका यदि आस्था और सरकार को विशेष मानते हुए कोई फैसला करती है, तो इससे संविधान कमजोर होगा। नागरिकों के अधिकार काम होते चले जाएंगे। 51वें मुख्य न्यायाधीश संविधान और लोकतंत्र की रक्षा, नागरिकों के मौलिक अधिकारों तथा न्यायपालिका पर विश्वास बना रहे। यही सर्वोच्च प्राथमिक्ता होनी चाहिए।

# जम्मू-कश्मीर में फिर 370 का राग



सुरेश हिंदुस्तानी

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद नई प्रदेश सरकार ने फिर से पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस धारा 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति दिखती थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला ही लगता है, क्योंकि पाकिस्तान धारा 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। धारा 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे। अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने जम्मू कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं है, बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू कश्मीर में जब धारा 370 कायम थी, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है।

वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक कानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह धारा जम्मू कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करती है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः ही खारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी प्रादुर्भित होता है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू कश्मीर को अलग दरजा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इंकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दफन करते हुए शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए धारा 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले ही इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे, जो बहुत बड़ा संविधान विरोधी कदम था। क्योंकि उस समय आपातकाल लगाने जैसी स्थिति नहीं थी। यह सारा खेल अपनी कुर्सी को बचाने के लिए किया गया था। आपातकाल संविधान की हत्या करने जैसा ही था।

पांच वर्ष पूर्व केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 और 35ए को विलोपित कर दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा का यह कदम किसी भी प्रकार से किसी के विरोध में इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा के हर घोषणा पत्र में इस धारा को हटाने की बात की। इन्हीं वादों को पूरा करने के लिए भाजपा को समर्थन मिला। जब जनता ने भाजपा के वादों को पूरा करने के लिए समर्थन दिया, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि भाजपा ने वही काम किया, जो जनता चाहती थी। अब जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान चलता है, राज्य का अपना कोई संविधान नहीं है। इतना ही नहीं जम्मू कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। इसलिए उसके संवैधानिक अधिकार सीमित हैं। इसलिए जम्मू कश्मीर की सरकार संविधान में बदलाव करने का कोई संवैधानिक हक नहीं रखती। यह केंद्र सरकार का काम है। राज्य कोई विधेयक पारित तो कर सकता है, लेकिन वह विधेयक तब तक लागू नहीं हो सकता, जब तक केंद्र की सरकार न चाहे। इसलिए यह कहा जा सकता है कि राज्य की नवगठित सरकार का यह कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए है।

देश में कई विपक्षी राजनीतिक दलों ने एक साथ आकर इंडी गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन बार बार संविधान बचाने की बात करता रहता है, लेकिन सवाल यह है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 को बहाल करने वाले विधेयक पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। इसे मौन समर्थन भी माना जा सकता है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की ऐसी कौन सी राजनीतिक मजबूरी है जो धारा 370 और 35ए की बहाली के लिए उनको मजबूर कर रही है। क्या इन दलों को यह पता नहीं है कि इन्हीं कानूनों के कारण ही कश्मीर हिन्दू विहीन हो गया है। क्या यह दल फिर से कश्मीर घाटी को उसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं। देश में एक समान कानून होना चाहिए, यह सभी चाहते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर में इसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में अगर धारा 370 बहाल हो जाती है तो निश्चित ही पाकिस्तान परस्त मानसिकता फिर से हाबी हो सकती है और जम्मू कश्मीर फिर से अलगाव की स्थिति में आ सकता है। ऐसी स्थिति न बने, इसलिए कश्मीर में भी देश का संविधान ही लागू रहे, यह समय की मांग है और यह कदम जम्मू कश्मीर के हित का भी है।



# वेलवेट का स्टाइलिश फैक्टर

**कोई भी चीज एकदम में समाप्त नहीं हो जाती, खासकर फैशन में तो बिल्कुल नहीं। यह अलग बात है कि कुछ समय के लिए किसी भी फैशन का ट्रेंड समाप्त हो जाए, लेकिन वह एक बार फिर उसी लुक में या कुछ बदलाव के बाद नए लुक में दोबारा आता है। वेलवेट के साथ भी यही हुआ। 70-80 के दशक में धूम मचाने के बाद यह एक बार फिर से लौटा आया है।**

### पुरुषों में वेलवेट

70 के दशक में एक्टर इफ्तिखार ने वेलवेट का स्मोकी जैकेट पहना था। उसके बाद कुछ दिनों तक इसका क्रेज रहा, लेकिन धीरे-धीरे वेलवेट के जैकेट का क्रेज कम होता गया। अभी हाल में अभिषेक बच्चन ने भी वेलवेट का जैकेट पहना था, लेकिन ड्रेससेंस से यह मैच नहीं खा रहा था। जबकि ऋतिक रोशन के ऊपर वेलवेट का यह जैकेट खूब फब रहा था। पुरुषों को वेलवेट का जैकेट पहनते समय अपना हेयरस्टाइल और पर्सनाल्टी देखना चाहिए।

### परंपरागत भारतीय ड्रेस

सूट, लहंगा और साड़ी में वेलवेट के इस्तेमाल का चलन इन दिनों काफी बढ़ गया है। चाहे वह एप्लीक वर्क के रूप में हो या फिर बॉर्डर को सजाने में। वेलवेट एक रिच फैब्रिक है और लंबे समय बाद ट्रेंड में है। साड़ी के बॉर्डर से लेकर अनारकली सलवार-कमीज तक यह खूब पसंद किया जा रहा है। वेलवेट के इस ड्रेस को सिलेब्रिटीज भी खूब पसंद कर रहे हैं।

### वेलवेट का आधुनिक तड़का

ड्रेस डिजाइनर मानते हैं कि, वेलवेट ट्रिमिंग इन दिनों काफी लोकप्रिय हो रहा है। लोग अब नेट की साड़ी या दुपट्टे पर एक इंच का वेलवेट बॉर्डर चाहते हैं। किसी और समय के मुकाबले इसकी मांग इन दिनों सबसे ज्यादा है। मार्केट में इन दिनों कई तरह के वेलवेट उपलब्ध हैं। जिनमें पॉलिस्टर, विस्कोस और सिल्क हैं। इनमें सिल्क सबसे ज्यादा चमकदार और खर्चीला होता है। वैसे विस्कोस भी सिल्क जैसा ही प्रभाव पैदा करता है, वह भी कम खर्च में। वेलवेट में 'बर्न्ट-आउट वेलवेट भी काफी लोकप्रिय हो रहा है। यह एक सिल्क जॉर्जेट फ्रेबिक है, जिस पर लाइक्रा और वेलवेट की थोड़ी सी इम्बॉसिंग होती है। यदि आपका ड्रेस एक चौड़े बॉर्डर वाला हो तो यह उस पर खूब फबता है। कुछ लोग कुंदन के काम वाले फुल वेलवेट शेरवानी और जैकेट भी पसंद करते हैं।

### क्या है खास

साड़ी के पल्लू और ब्लाउज में वेलवेट वर्क काफी पसंद किया जाता है। वैसे, वेलवेट ब्लाउज तभी अच्छा लगता है, जब इसमें कम फैब्रिक यूज हो और इसका डिजाइन, कलर व वर्क साड़ी से ज्यादा हाइलाइट न हो। इन दिनों यह सूट-सलवार में भी खूब यूज हो रहा है। एक प्रभावी चौड़े वेलवेट बॉर्डर वाला सूट या लहंगा लंबे लोगों पर काफी फबता है।

## ऑफ शोल्डर ड्रेसेज

- ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनने के लिए सबसे जरूरी है कि आप उसे एलिगेंट ज्वैलरी और परफेक्ट मेकअप के साथ कंबाइन करें।
- फैशनेवल लुक के लिए ड्रेस को लंबी इयररिंग्ज और फंकी नेकलेस के साथ पहनें।
- मेकअप को कम से कम रखें और बालों को बांध लें, ताकि फोकस आपके शोल्डर्स पर रहे।
- इवनिंग लुक के लिए ड्रेस को ब्रच और शैनडलेयर्स के साथ कंबाइन करें।
- छोटे कद की स्त्रियों को ऑफ शोल्डर ड्रेसेज पहनने से बचना चाहिए, क्योंकि इनमें उनका कद और छोटा लग सकता है।
- जिनकी बांहें अधिक हेवी हैं, उन्हें भी ऑफ शोल्डर ड्रेसेज नहीं पहनना चाहिए।
- ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपके आर्म्स और अंडर आर्म्स ठीक तरह से वैक्ज्ड और मॉयश्चराइज्ड हैं।
- ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनने से कुछ दिन पहले आर्म्स और शोल्डर्स को टोन करने के लिए वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज भी कर सकती हैं।
- ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनते समय सही सपोर्ट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए आप सही इनरवेयर का चयन करें।
- ग्लैमर लुक के लिए शोल्डर व नेक पर टैटू का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

### सिलेब्रिटीज को है पसंद

वेलवेट की दीवानगी बहुत ज्यादा नहीं रही है। पिछले दिनों माधुरी दीक्षित, उर्मिला मातोंडकर, रानी मुखर्जी और ऐश्वर्या राय जैसी अभिनेत्रियां वेलवेट से बने परंपरागत ड्रेस में नजर आईं। वेलवेट का इस्तेमाल ज्यादातर परंपरागत ड्रेस लहंगा, सलवार कमीज और साड़ी में होता है। इनमें कशीदकारी बहुत ही बारीक और सुंदर रूप से उभर कर आती है। एक्ट्रेस करिश्मा कपूर ने 90 के दशक में लंबे व स्ट्रेट वेलवेट कुर्ते पहने थे, जिसे लोगों ने ज्यादा नोटिस नहीं किया था। लेकिन कुछ समय तक ब्राइडल आउटफिट्स का पार्ट रहने के बाद यह फैब्रिक मेनस्ट्रीम ड्रेसेज का पार्ट हो गया है। वैसे इस फैब्रिक को बॉलीवुड से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।





# एंक्लेट्स का ट्रेंडी फंडा

**एक समय पैरो में सजी पायल और उससे निकले वाली मधुर ध्वनि सबको अपनी आरे आकर्षित करती थी लेकिन अब इसका फैशन पुराना पड़ गया है। आजकल एंक्लेट चलन में है। कॉलेज गोइंग गर्ल्स आज पायल की जगह एंक्लेट पहनना ज्यादा पसंद करती हैं।**

**एक** पैर में पहना जाने वाला यह एंक्लेट कॉलेज गोइंग गर्ल्स के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। स्टाइलिश लुक के लिए कई तरह की एंक्लेट्स मार्केट में है। आप इन्हें अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से चूज कर सकती हैं। आइए जानते हैं तरह-तरह के एंक्लेट्स के बारे में।

### ऑरनामेंटल हैं खास

क्रिस्टल के बने एंकलेट्स बहुत ही खूबसूरत होने के साथ स्टाइलिश भी होते हैं। इसे पहनने के बाद आपको किसी तरह की खास एक्सेसरीज की जरूरत नहीं है। सिंपल और सोबर ड्रेस के साथ आप इसे पहन सकती हैं। ब्लैक, वाइट और ग्रे कलर के आउटफिट के साथ ये ज्यादा खूबसूरत लगती हैं।

### चेन से सिंपल लुक

सिंपल एंकलेट्स की मार्केट में बहुत सी वैरायटी है। इसमें आप चाहें तो सिंगल लेयर से लेकर चार लेयर तक की एंकलेट्स का यूज कर सकती हैं। एंकलेट्स के साथ ही नेकलेस पहनना बेहतर रहता है। सिंपल एंकलेट्स शॉर्ट स्कर्ट और कैप्री पर पहनने से लुक काफी ग्लैमरस हो जाता है।

### लेदर एंक्लेटस

टॉम बाय पर्सनैलिटी की लड़कियों को लेदर का एंकलेट्स बहुत खूबसूरत लगता है। यदि आप लेदर का एंकलेट्स पहन रहीं हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि यह बहुत चौड़ी न हो नहीं तो यह आप के लुक को डाउन कर देगा।

### बीड्स एंकलेट्स

इस तरह के एंकलेट्से की खासियत है कि आप इसे किसी भी ड्रेस के साथ पहन सकती हैं। ये एंकलेट्स आपको सिंपल लुक देती हैं। इन्हें पहनते समय ध्यान रखें कि ज्यादा मेकअप और जूलरी न पहनें। बीड्स का रंग आपकी ड्रेस से मेल खाता हुआ होना चाहिए इससे आपका लुक परफेक्ट लगेगा।

### पर्श पर भी नहीं है भारी

इन एंकलेट्स की सबसे खास बात यह है कि इनकी कीमतें सभी लोगों की पहुंच में हैं। यह लोकल मार्केट में ये 20 से लेकर 50 रुपये तक है। वहीं बड़ शोरूमों में इनकी कीमतें 200 से लेकर 500 रुपये तक है।

### पैर भी लगें स्टाइलिश

ड्रेस कोई भी हो लेकिन गर्ल्स एंक्लेट पहनना नहीं भूलती। इन दिनों कैप्री के साथ इसका चलन अधिक हो गया है। एंक्लेट पहनने से पैरों की खूबसूरती अधिक बढ़ जाती है। बीबीए स्टूडेंट डिंपल कहती हैं कि एंक्लेट कैप्री या शॉर्ट स्कर्ट के साथ पहना जाए तो डिफरेंट लुक देता हैं साथ ही साथ पैरों की खुबसूरती भी बढ़ जाती है।

### ये हैं फेवरेट स्टाइल

थीन वायर एंक्लेट, छोटी बीड एंक्लेट, मल्टी कलर एंक्लेट,चोटी स्टाइल एंक्लेट, गोल्डेन, सिल्वर चेन एंक्लेट, बंधेज स्टाइल, मैटल स्टाइल, क्रिस्टल स्टाइल, शो-पीस घुंघरू स्टाइल।

### कलरफुल एंक्लेट्स

फिलहाल कॉलेज गोइंग गर्ल्स से लेकर महिलाएं भी मैचिंग तथा कलरफुल एंक्लेट्स पहनने लगी हैं। वैसे कलरफुल एंक्लेट्स को हर ड्रेस पर पहना जा सकता है।

### नग वाला एंकलेट्स

नए वाला एंकलेट्स अभी-अभी मार्केट में आया है लेकिन इसकी मांग सबसे अधिक है। नग एंकलेट्स को साड़ी, सूट और अन्य ड्रेस के मैचिंग को ध्यान में रखकर पहना जा सकता है। नग वाली एंकलेट्स मल्टी कलर में भी मिलती है। मल्टी कलर का एंकलेट्स सभी ड्रेसेज पर पर फबता है। और यदि डार्क कलर हो तो कहना ही क्या। हैवी नग वाली एंकलेट्स को शादी, पार्टी जैसे मौकों पर पहन सकती है। इसमें सिंगल से लेकर पांच लेयर तक की एंकलेट्स है जो आप अपनी जरूरत के मुताबिक खरीद सकते है।



# सब्जियां जो स्वाद बनाएं बेहतर

**आप रोजाना घर में सब्जियां बनाते-बनाते परेशान हो गई हैं, लेकिन घर के सदस्यों को स्वाद बढ़िया नहीं लगता। रोज-रोज की झंझट में क्या बनाएं, क्या न बनाएं, कुछ समझ नहीं आता। आइए, हम सब्जियों की रेसिपी बताते हैं, जिससे आप सब्जियां बनाकर न केवल परिवार का दिल जीत लेंगी, वरना आपको भी इनका स्वाद बढ़िया लगेगा।**

## पालक पनीर



**सामग्री** - डेढ़ कप पालक, 500 ग्राम पनीर, एक चम्मच अदरक, एक चम्मच लहसुन, आधा कप प्याज (कसा हुआ), एक कप टमाटर (कटा हुआ), आधा कप प्याज, एक कप टमाटर (बारीक कटा हुआ), एक चम्मच जीरा, चौथाई चम्मच गर्म मसाला, आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादानुसार और एक चौथाई कप तेल।

**विधि** - तेल गर्म करें और उसमें जीरा मिला दें। जब यह चटकने लगे, तो इसमें अदरक व लहसुन का पेस्ट मिलाएं। इसमें प्याज मिला दें और सभी चीजों को ब्राउन होने दें। इसमें टमाटर मिलाकर मध्यम आंच पर भूनें। अब इसमें गर्म मसाला, नमक और लाल मिर्च पाउडर मिला दें। इसमें पालक को मिलाकर अच्छी तरह मिक्स करने के बाद पनीर मिला लें। पांच मिनट तक हल्की आंच पर रहने दें और गर्मागर्म सर्व करें।

## पालक-मंगोड़ी



आवश्यक सामग्री - पालक - 750 ग्राम (एक बन्च) चीनी - आधा छोटी चम्मच मूंग दाल की मंगोड़ी - 100 ग्राम (एक कप) टमाटर - 4 (मीडियम आकार के) हरी मिर्च - 1-2 अदरक - 1 इंच लम्बा टुकड़ा तेल - 2 टेबल स्पून हींग - 1 पिंच जीरा - आधा छोटा चम्मच खड़ा मसाला हल्दी पाउडर - एक चौथाई छोटी चम्मच क्रीम या ताजा मलाई - 2 टेबल स्पून(यदि आप चाहें) बेसन - एक टेबल स्पून नमक - स्वादानुसार (1 छोटी चम्मच) लाल मिर्च - 1/4 छोटी चम्मच (यदि आप चाहें) हरा धनियां - 2 टेबल स्पून (बारीक कतरा हुआ)

विधि - पालक के पत्तों से डंडिया हटा कर अलग कर दीजिए। पत्तों के पानी में अच्छी तरह डुबा कर 2 बार धो कर छलनी में या थाली में तिरछा करके रख दीजिए और पालक के पत्ते से पानी निकल जाने दीजिए। पालक के धुले पत्ते को किसी बर्तन में डालिए, आधा कप पानी और चीनी डाल कर, मध्यम आग पर उबालने के लिए ढंककर रख दीजिए। 8-10 मिनट में पालक उबल जाता है। आग बन्द कर दीजिए। कढ़ाई में 1 टेबल स्पून तेल डालकर गरम कीजिए, गरम तेल में, मूंग दाल की मंगोड़ी डाल कर मध्यम आग पर हल्की ब्राउन होने तक भून लीजिए, भुनी मगोड़ी को प्याले में निकाल कर अलग रख लीजिए। अब मसाले में क्रीम डालिए और 2 मिनट और भून लीजिए भुने मसाले में मगोड़ी, डेड़ कप पानी, भुना हुआ बेसन और नमक डालकर, ढंककर, धीमी आग पर पकने दीजिए। मंगोड़ी नरम हो जाने पर पिसा पालक डालिए। अगर पानी कम लग रहा हो तो आवश्यकतानुसार और पानी मिला दीजिए। सब्जी में उबाल आने के बाद 2-3 मिनट सब्जी को पकने दीजिए। पालक मगोड़ी की सब्जी तैयार है, गैस बन्द कर दीजिए। सब्जी में गरम मसाला और हरा धनियां डाल कर मिला दीजिए। पालक मगोड़ी की सब्जी तैयार है। पालक मगोड़ी की सब्जी को प्याले में निकालिए और ऊपर से थोड़ी सी क्रीम डाल कर सजाइए। गरमा गरम पालक मंगोड़ी की सब्जी चपाती, नान या चावल के साथ परोसिए और खाइए।

## मुंबई हवाई अड्डे पर 2.27 करोड़ का तीन किलो सोना जब्त

मुंबई। सोने की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं और अबतक मुंबई हवाई अड्डे पर करोड़ों रूपये का सोना पकड़ा जा चुका है लेकिन तस्करी का ये गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीन किलो सोना जब्त किया गया है। जब्त किए गए सोने की कीमत 2 करोड़ 27 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में दुबई के एक यात्री को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 1 किलो वजन की 24 कैरेट की तीन सोने की छड़ें बरामद की गईं। यात्री इन सोने की छड़ों को अपनी ट्राउजर की जेब में लाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन कस्टम विभाग ने इस आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आगे की जांच चल रही है कि ये सोना भारत क्यों लाया जा रहा था, क्या इसका कोई राजनीतिक कनेक्शन तो नहीं ?

## उद्धव ठाकरे की 24 घंटे में दूसरी बार तलाशी

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे के हेलिकॉप्टर की 24 घंटे में दूसरी बार चेकिंग हुई। उद्धव मंगलवार को उस्मानाबाद में औसा सीट पर प्रचार करने आए थे। इस दौरान चुनाव आयोग के कर्मचरियों ने उनके हेलिकॉप्टर की चेकिंग की। इससे पहले 11 नवंबर को यवतमाल के वनी एयरपोर्ट पर उनके बैग की जांच की गई थी। चुनाव आयोग की कार्रवाई पर उद्धव ठाकरे नाराज हो गए। उन्होंने मंगलवार को कहा- अमित शाह गृह मंत्री के कुर्सी पर बैठने के लायक नही हैं। मोदी के थापा से महाराष्ट्र परेशान हो चुका है। आपने मेरी बैग जांच की कोई बात नही है, लेकिन मोदी और शाह के बैग की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा- मोदी और शाह के बैग की जांच कीजिए, क्योंकि वो महाराष्ट्र लूटकर जा रहे हैं। आज मुझे सोलापुर जाना था, मुझे उड़ान भरने से रोका गया, क्योंकि मोदी आ रहे थे। मोदी प्रधानमंत्री पद के लायक नहीं हैं। 15 लाख रुपए देने का वादा किया था, लेकिन 1500 रुपए दे रहे हैं। देवा भाउ, दादी भाउ, जैकेट भाउ तीनों मिलकर महाराष्ट्र खाऊं ऐसी इनकी सरकार है।

## अभिनेता शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने वाला रायपुर से गिरफ्तार

मुंबई। एक ओर जहां अभिनेता सलमान खान को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, वहीं पिछले हफ्ते शाहरुख खान को भी धमकी भरा फोन आया था। 5 नवंबर को शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली और 50 लाख रुपये की मांग की गई। धमकी भरा फोन पुलिस को आया। इसके बाद पुलिस शाहरुख खान को धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार करने में कामयाब रही। खबर है कि शाहरुख खान को धमकी देने वाले एक शख्स को छत्तीसगढ़ के रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। इस शख्स का नाम फैजान खान है। पुलिस ने इस शख्स को रायपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस जाँच में पता चला है कि धमकी भेजने के लिए फैजान के फोन का इस्तेमाल किया गया था। रिपोर्ट में लिखा है कि धमकी देने वाले ने करोड़ों रुपये की फिरौती मांगी है। ये भी साफ है कि ये पैसे न देने पर शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी दी गई है। शाहरुख खान को धमकी मिलने के बाद जब पुलिस ने कॉल को ट्रेस किया तो पता चला कि कॉल रायपुर से आई थी। इसके बाद पुलिस टीम को रायपुर रवाना किया गया और वहां स्थानीय पुलिस की मदद से मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चीनी गैंग के चास सदस्य सूरत में पकड़े गये, 111 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

सूरत। चीन में बैठी गैंग के एजेंट भारत में कई स्थानों पर फैल गए हैं। डिजिटल अरेस्ट और निवेश के नाम पर चीन में बैठकर धोखाधड़ी की जा रही है। चीन के गिरोह से जुड़े चार आरोपियों को सूरत पुलिस की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अजय इटालिया, जल्पेश नडियादरा, विशाल ठुम्मर तथा हिरेन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 28 मोबाइल फोन, 180 पासबुक, 86 डेबिट कार्ड, 258 सिम कार्ड और 30 चेक बुक बरामद हुई है। चीन में बैठे गैंग द्वारा इन आरोपियों के माध्यम से भारत के बैंक अकाउंट मैं लेनदेन किया जाता था। अभी तक 111 करोड रुपए की ठगी के मामले की जानकारी लगी है। कई बैंकों से अभी जानकारी आना बाकी है। सूरत की साइबर सेल पुलिस इस मामले की तह मे जाकर जांच कर रही है। जो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। वह भारत में किसी भी बहाने लोगों के डॉक्यूमेंट लेकर अथवा बैंक खाता किराए पर लेकर ठगी की रकम का रोटेशन करते थे। ठगी की यह रकम कई खातों से होते हुए चीन पहुंच जाती थी।

## भारत की 45 फीसदी महिलाएं बेरोजगार, रोजार की तलाश में आठ करोड़ युवतियां

नई दिल्ली। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जो रिपोर्ट जारी की गई है। उसके अनुसार भारत की एक बहुत बड़ी युवा आबादी के पास रोजगार का कोई साधन नहीं है। सांख्यिकी विभाग ने मॉड्यूलर सर्वेक्षण 2022-23 की जो रिपोर्ट प्रकाशित की है। उसके अनुसार 15 से 29 साल की लगभग 44.6 फ़ीसदी महिलाओं के पास कोई काम नहीं है। इसी आयु वर्ग के आठ फ़ीसदी युवाओं के पास भी कोई काम नहीं है। यह सभी बेरोजगार हैं। सर्वेक्षण के अनुसार 8 करोड़ से अधिक युवतियां काम की तलाश में है। देश में इस समय 18 से 29 साल की युवा महिलाओं की आबादी लगभग 18.5 करोड़ है। इनमें से 44.6 फ़ीसदी युवतियों के पास कोई कोशल नही है। जिसके कारण ना तो इन्हें कोई रोजगार मिलता है। नाहि कोई नौकरी मिल पा रही है। सर्वेक्षण में यह बात भी सामने आई है 25.6 फ़ीसदी युवा अपनी पढ़ाई छोड़ चुके हैं। उनके पास कोई रोजगार नहीं है। सर्वेक्षण में सबसे चिंता जनक पहलू यह देखने में आया है। 24.2 फ़ीसदी युवा कर्ज के शिकार हैं। वही 12.2 फ़ीसदी महिलाएं कर्ज के मकडजाल में फंसी हुई हैं। सर्वे में ग्रामीण क्षेत्र में 8.4 फ़ीसदी युवा और 40.6 फ़ीसदी युवतियां किसी भी तरह की गतिविधि में शामिल नहीं हैं। शहरी क्षेत्र में 7.1 फ़ीसदी युवा तथा 39.8 फ़ीसदी महिलाएं अपने घरों में बैठी हुई है।

# अपनी रैलियों में पीएम मोदी के नारे लगते देख बौखला गये हैं मल्लिकार्जुन खरगे

### विधायकों को लेकर दिए गए विवादित बयान पर बीजेपी का पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मल्लिकार्जुन खड़गे बौखला चुके हैं क्योंकि जब वह अपनी रैलियों में जाते हैं, तो वहां सोनिया गांधी, प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के पक्ष में कोई नारे नहीं लगाता। सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में नारे लगते हैं, और लोग यह कहते हैं, एक रहोगे तो सुरक्षित रहोगे। यह दुख की बात है कि इतने अनुभवी नेता होते हुए भी खड़गे की भाषा की शैली इतनी निम्न स्तर तक पहुंच चुकी है। यह सब इस बात को साबित करता है कि खड़गे समझ चुके हैं कि महाराष्ट्र और झारखंड में उनकी सरकार बनने की कोई संभावना नहीं है। यह बात मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भारतीय जनता पार्टी विधायकों को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद पलटवार करते हुए बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कही। उन्होंने आगे कहा, जहां तक खड़गे की बातों का सवाल है, उन्होंने खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया है। अगर इस देश के लोकतंत्र में खरीद-फरोख्त का काम किसी ने किया है, तो वह कांग्रेस ने किया है।



अगर किसी ने इस देश की लोकतांत्रिक सरकार को गिराया है, तो वह कांग्रेस ने गिराया है। जवाहरलाल नेहरू ने भी यही किया था। मैं खड़गे से यह कहना चाहता हूं कि यह लोकतांत्रिक देश है, यह आपके परिवार के संविधान के आधार पर नहीं चलता, यह लोकतांत्रिक मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर चलता है।

**मुस्लिम लीग की तरह भारत को चलाना चाहती है कांग्रेस**

उन्होंने कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण पर कहा, कांग्रेस पार्टी की मंशा यह है कि वह भारत को उसी तरह चलाना चाहती है जैसे कि पहले मुस्लिम लीग चलाती थी। कांग्रेस पार्टी की सोच यह है कि वह हिंदू समाज को जातियों में बांटे, सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और एड्स जैसी बीमारियों के समान बताये और मुसलमानों को संविधान के बजाय विशेष आरक्षण देने की वकालत करे। यही कारण है कि महाराष्ट्र में वह मुस्लिम आरक्षण की बात करती है, कर्नाटक में मुसलमानों को सरकारी ठेकों में लाभ देने का समर्थन करती है और 2009 के अपने घोषणापत्र में वादा करती है कि पूरे देश में मुसलमानों के लिए आरक्षण लागू कर दिया जाएगा। यह देश बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान के तहत चलता है, न कि कांग्रेस पार्टी के अपने नए मुस्लिम लीग के संविधान के तहत। कांग्रेस पार्टी को इस देश के बहुसंख्यक समुदाय का वोट नहीं चाहिए। उन्हें बहुसंख्यक समाज की कोई परवाह नहीं है, वे सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक के तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। इसी कारण प्रियंका वाड्रा जैसे नेता वायनाड से चुनाव लड़ती हैं, जहां वह 90 फीसदी मुस्लिम वोट हासिल कर सकती हैं।

## विवादित बयान देकर फंसीं कंगना

### आगरा के कोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब



आगरा। बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत की विवादित बयान के कारण मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले तो उन्हें किसान आंदोलन पर दिए बयान के कारण किसानों की नाराजगी झेलनी पड़ी थी, वहीं अब किसान आंदोलन और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर दिए गए बयान को लेकर मंगलवार को आगरा की जिला एवं सत्र न्यायालय ने कंगना रनौत को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने किसानों और राष्ट्रपिता का अपमान की बात करते हुए कंगना रनौत के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। इस मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। बता दें कि राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने 11 सितंबर 2024 को स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए कोर्ट में वाद दायर किया था। बता दें कि कंगना रनौत ने 2021 में किसान आंदोलन और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर बयानबाजी की थी। उन्होंने कहा था कि गाल पर चांटा खाने से भीख मिलती है आजादी नहीं। कंगना ने कहा था कि देश को सही मायने में आजादी 2014 के बाद मिली है। किसान आंदोलन को लेकर ममता ने कहा था कि कृषि कानून के खिलाफ प्रदर्शन में खालिस्तानी आतंकी शामिल हैं। इन बयानों के बाद कंगना का देशभर में विरोध भी हुआ था।

## राम मंदिर को बम से उड़ाने की गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी के बाद बढ़ी सुरक्षा

**अयोध्या/लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या में स्थित भगवान श्री राम के भव्य राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद अयोध्या में सुरक्षा को और बढ़ा दिया गया है। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी देते हुए कहा कि 16 और 17 नवंबर को राम मंदिर में हिंसा होगी। इस धमकी के बाद अयोध्या से लेकर लखनऊ तक हड़कंप मच गया है। अब इस मामले पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा है कि अयोध्या में सुरक्षा की पूरी पुख्ता व्यवस्था है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि एक सुरक्षा व्यवस्था के तहत वहां डिप्लॉयमेंट होता है। पूरी अयोध्या सिटी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब भी इस तरह की थ्रेट्स आते हैं तो हम उसका स्वतः संज्ञान लेते हैं। खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने अयोध्या राम मंदिर के साथ ही कनाडा में भारतीय मूल के हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भी धमकी दी है। जानकारी के मुताबिक, पन्नू ने अपने वीडियो बयान में कहा कि हिंदुत्ववादी विचारधारा की जन्मस्थली की नींव को हम हिला देंगे। इसके बाद से अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता कर दिया गया है। वहीं, राम मंदिर के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि इसके पहले भी बहुत से आतंकी संगठनों ने राम मंदिर को उड़ाने की बात कही, लेकिन कभी उनके इरादे पूरे नहीं हो सके। पाकिस्तानी समर्थक खालिस्तानियों द्वारा इस तरह का वीडियो जारी कर राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी जा रही है, जो की बहुत ही निंदनीय है।

विदित हो कि खालिस्तानी आतंकी पन्नू को भारत सरकार कई साल पहले आतंकी घोषित कर चुकी है। अब उसकी धमकी मिलने के बाद अयोध्या को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। हालांकि, पहले से ही अयोध्या की सुरक्षा को भेद पाना किसी के लिए आसान नहीं है, लेकिन अब सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है। एसपी सुरक्षा ने राम मंदिर दर्शन मार्ग समेत अन्य प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया है। आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि अयोध्या की सुरक्षा पहले से ही हाई सिक्योरिटी जोन है। यहां तैनात सुरक्षाकर्मी आतंकी हमले से निपटने के लिए ट्रेंड हैं। उन्होंने कहा कि धमकी मिलने के बाद फिर से सुरक्षा की समीक्षा की गई है। आतंकी पन्नू पहले भी कई धमकियां दे चुका है।

## महाराष्ट्र व झारखंड में चुनाव जीतने के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण का एजेंडा चला रहा इंडी गठबंधन : सांसद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर हमलावर है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उनके इंडी गठबंधन के सारे सहयोगी मुस्लिम तुष्टिकरण और उनके वोट लेने के लिए एजेंडा चला रहे हैं। बीजेपी सांसद ने दावा किया कि जमीयत ए उलेमा जिला लोहरदगा, छोटा नागपुर ने फरमान जारी किया है कि मौजूदा मुल्क के हालात को देखकर मरकजी हुकूमत का मुसलमानों के ताल्लुक में जो रवैया है और जिस प्रकार मुसलमानों को एनसीआर, यूसीसी और वक्फ कानून लेकर घुसपैठिए के बहाने डराया धमकाया जा रहा है, उस सिलसिले में जमीयत ए उलेमा, झारखंड से मशवरे के बाद जमीयत ए उलेमा जिला लोहरदगा मुसलमानों से अपील करती है कि



मुसलमान एक होकर इंडी गठबंधन के पक्ष में अपना वोट दें। भाजपा नेता ने कहा कि ये झारखंड और महाराष्ट्र की कहानी है। उन्होंने कहा कि ये सारी जमात वहीं है, जिसने तीन तलाक का भी विरोध किया था। इतने सालों के बाद आज भी कांग्रेस पार्टी न कुछ समझती है और न सुधरती है, बल्कि इसतरह तत्वों के बहाने ही चुनाव जीतने का षड्यंत्र करती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सफाया हो रहा है। लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस 1950 के मॉडल पर ही चल रही है। 1986 में शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस जहां थी, आज 2024 में भी कांग्रेस वहीं खड़ी है। पार्टी सांसद ने कहा कि बीजेपी बहुत स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी वोटों की खातिर मुस्लिम समुदाय के सभी रूढ़िवादी, विभाजनकारी तत्वों के साथ साजिश रच रही है क्योंकि वे अपनी आसन्न हार से आशंकित हैं।

वहीं बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद ने महाराष्ट्र में वहीं काम किया है जो वे अब झारखंड में करने की कोशिश कर रहे हैं। हिंदू समुदाय के लोग एनआरसी से डरने वाले नहीं हैं। अगर मुसलमान भारत के नागरिक हैं, तब वे एनआरसी से क्यों डरते हैं? इसका मतलब है कि वे या बांग्लादेश, पाकिस्तान या किसी अन्य देश से आए घुसपैठिए हैं।

## बीजेपी नेता का कार्यकर्ता को लात मारने का वीडियो वायरल, जिसे लात मारी उसने दी सफाई

जालना। बीजेपी के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दानवे फोटो फ्रेम में आ रहे एक कार्यकर्ता को लात मारते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि दानवे से मिलने पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर उनके आवास पर पहुंचे थे। इस मेल-मुलाकात के बीच ही दानवे, खोतकर का सम्मान कर रहे थे। लेकिन तभी कार्यकर्ता उनके फोटो फ्रेम में आने लगा। इस दौरान दानवे ने अचानक पास खड़े कार्यकर्ता को लात मार दी। दानवे के कार्यकर्ता को लात मारने की घटना मोबाइल में कैद हो गई। अब वीडियो के वायरल होने के बाद विपक्षी पार्टियां दानवे की आलोचना कर रही हैं। शिवसेना (यूबीटी) जिला प्रमुख भास्कर आंबेकर ने कहा, महाराष्ट्र में अगर नेता अपने कार्यकर्ताओं को लात से मार रहे हैं, तब महाराष्ट्र कहां से कहां आ गया है। जनता को यह सोचना चाहिए। बीजेपी नेता दानवे ने जिस कार्यकर्ता को लात मारी उसका नाम शेख अमद है। घटना के बाद अमद ने कहा है कि जो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, वह सही नहीं है। विरोधी दल दानवे के खिलाफ झूठी बातें फैला रहे हैं। शेख अमद ने कहा, दानवे साहेब और मेरी पिछले 30 साल से दोस्ती है। वह जैसे ही एयरपोर्ट से उतरते हैं मुझे फोन करते हैं कि कहां है, घर आजा साथ खाना खाते हैं। मेरे और उनके संबंध अलग तरह के हैं। लात मारने की घटना पर सफाई देकर अमद ने कहा, वे (रावसाहेब दानवे) घर से कपड़े बदलकर आए थे, उनकी शर्ट पीछे से अटकी हुई थी। मैंने उनके कान में कहा कि दादा आपकी शर्ट अटकी हुई है, लेकिन वह समझ नहीं पाए और उन्होंने शरीर को झटका।

## आज से विधानसभा सत्र, हुड्डा और सैलजा के बीच फंसी कांग्रेस, तय नहीं कर सकी नेता प्रतिपक्ष

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में कांग्रेस की करारी हार के बाद भी गुटबाजी का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार से शुरू होने वाला हरियाणा विधानसभा का आगामी सत्र विपक्ष के नेता के बिना ही शुरू होगा। इसकारण है कि कांग्रेस ने अभी तक अपने विधायक दल के नेता की नियुक्ति नहीं की है। हरियाणा में कांग्रेस की लगातार तीसरी हार के बाद पार्टी की अंदरूनी स्थिति फिलहाल सही नहीं है। सिरसा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बीच गुटबाजी के कारण नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा में विलंब हो रहा है। वहीं पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव के बाद इसकी घोषणा होगी।

इस मामले पर हुड्डा ने कहा है कि पार्टी हाईकमान फिलहाल चुनाव में व्यस्त है। उन्होंने कहा, हमारे वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों में व्यस्त हैं। इसके पहले पार्टी अध्यक्ष उदयभान ने बालमुकुंद शर्मा को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है जिससे सियासी पारा और चढ़ता दिख रहा है। शर्मा ने दावा किया था कि सैलजा गुट के पांच बार के विधायक चंद्र मोहन और हुड्डा गुट से चार बार के विधायक अशोक अरोड़ा इस पद की दावेदारी पेश कर रहे थे।






हुड्डा और सैलजा के बीच की दरार पार्टी के लिए सिरदर्दी बनी हुई है। पार्टी हाईकमान को इन दोनों गुटों को संतुलित नहीं कर पा रहा है। इस बीच कांग्रेस ने राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन, छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा सहित वरिष्ठ नेताओं की एक टीम बनाई है जो विधायकों से इन पदों पर उनकी पसंद पर विचार विमर्श करेगी। खबरों के मुताबिक चर्चा के दौरान 37 में से 30 से अधिक विधायकों ने हुड्डा के पक्ष में समर्थन दिया था।

हुड्डा गुट के एक कांग्रेस विधायक ने कहा, विधायक दल का नेता और राज्य पार्टी अध्यक्ष को चुनने में जातिगत संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। 2007 से पार्टी अध्यक्ष पद पर दलित नेता (फूल चंद मुलाना, अशोक तंवर, सैलजा और उदय भान) काबिज हैं, जबकि हुड्डा और किरण चौधरी (अब भाजपा में) जैसे जाट नेताओं ने कांग्रेस विधायक दल का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा, हुड्डा 2005 से 2014 तक सीएम रहे और 2014 की हार के बाद किरण विधायक दल की नेता बनीं हालांकि घोषणा में देरी हुई। 2019 के चुनावों से ठीक पहले हुड्डा फिर से विधायक दल के नेता बने और तब से विधायक दल के नेता बने हुए हैं।

## आधा गुजर गया नवंबर का माह, लेकिन सर्दी नहीं आई, नासा ने बता दी पूरी वजह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिवाली गुजरे दो सप्ताह बीत चुके हैं। इसके बाद भी मौसम में गर्मी बनी हुई है। दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा, पंजाब, बिहार, राजस्थान सहित समूचे उत्तर भारत में ही तापमान औसत से अधिक है और बिना पंखा चलाए नींद नहीं आ रही है। आखिर इसकी वजह क्या है और कब से सर्दियों का आगमन होगा? इस पर अमेरिकी एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि इस साल का अक्टूबर महीना पूरे विश्व में ही औसतन 1.32 डिग्री अधिक गर्म रहा है। नासा का कहना है कि इस साल का अक्टूबर महीना 2023 के मुकाबले थोड़ा कम गर्म रहा है, लेकिन कुछ इलाकों में इसका उलट भी है।

भारत में अक्टूबर माह में गर्मी होने और अब तक ठंड न आ पाने का कारण पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है। इसके अलावा पूर्वी हवाओं का असर है, इसकारण बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि नवंबर का महीना हर साल के मुकाबले थोड़ा अधिक गर्म रहेगा, जबकि अल-नीना के सक्रिय होने के बाद



भीषण सर्दी भी हो सकती है। मौसम जानकारों का कहना है कि नॉर्थ इंडिया में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा बना हुआ है। वास्तव में सर्दियों की शुरुआत दिसंबर मध्य से ही होगी।

मौसम की स्थिति यह है कि न्यूनतम तापमान अधिक है ही, अधिकतम टेम्परेचर भी 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा हुआ है। यूपी, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर या पंजाब ही नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में भी तापमान हर साल की तुलना में अधिक है। दिल्ली-एनसीआर में अब भी न्यूनतम तापमान 14 से 19 डिग्री सेल्सियस है, जबकि अधिकतम 30 से 32 डिग्री सेल्सियस है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ला-नीना के सक्रिय होने तक ऐसी ही गर्मी बनी रहेगी। संभावना है कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह तक शायद मौसम में गर्मी बनी रहेगी।

## आतंकियों के पास अमेरिकी हथियार, सुरक्षाबल के माथे पर चिंता की लकीर

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबल आतंकियों की सफाई में लगे हुए हैं। आए दिन मुठभेड़ में आतंकियों को ढेर कर रहे हैं। हालांकि आतंकियों के पास मिलने वाले हथियार सुरक्षाबलों के लिए चिंता का विषय बन गए हैं। अखनूर में मुठभेड़ के दौरान मारे गए तीन आतंकियों के पास से अमेरिकी एम4 राइफल मिली हैं। अफगानिस्तान छोड़ते वक्त अमेरिकी फौज इस तरह के हथियार वहीं छोड़ गई थी। अब ये हथियार पाकिस्तान के रास्ते जम्मू-कश्मीर में पहुंच रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई इस तरह के हथियार आतंकियों तक पहुंचाती है। इसके बाद आतंकवादी हथियार लेकर भारत में घुसपैठ करते हैं। चिंता की बात ये हैं कि इन राइफल में स्टील बुलेट का इस्तेमाल होता है जो कि ज्यादा नुकसान करती हैं। ये हथियार बख्तरबंद गाड़ियों और इमारतों को भी भेदने में कामयाब होते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि घुसपैठ करने वाले आतंकियों के पास एके 47 और एम4 कार्बाइन होती हैं। ये सुरक्षाबलों को बड़ा नुकसान पहुंचाती हैं। 2017 में पहली बार जम्मू-कश्मीर में एम4 राइफल मिली थी। सुरक्षाबलों ने जब आतंकी तल्हा राशिद महमूद को मारा था तब उसके पास से राइफल मिली थी। वह जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का भतीजा था। इसके बाद से कई आतंकी घटनाओं में एम4 गन का इस्तेमाल हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ सीमा पर बहुत सारे आतंकियों का जमावड़ा है। वे लगातार भारत में घुसपैठ करने की कोशिश में हैं। बर्फबारी का फायदा उठाकर वे जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करना चाहते हैं। रिपोर्ट है कि पीओके में एक बैठक हुई थी जिसमें पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ आतंकी संगठनों के सरगना भी मौजूद थे। इसमें भी आतंकियों को खतरनाक हथियार देने की बात हुई।



# भारतीय परिवारों ने शेयर बाजार से 10 साल में कमाये एक ट्रिलियन डॉलर

**नई दिल्ली ।**

भारतीय परिवारों ने अपनी वित्तीय बैलेंस शीट में इक्विटी में सिर्फ 3 फीसदी निवेश किया है, जिसे विश्वस्तरीय निवेश बैंकिंग फर्म ने लेकर इस भाग में संभावित वृद्धि का संकेत दिया है। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार पिछले 10 सालों में भारतीय परिवारों ने शेयर बाजार से 1 ट्रिलियन डॉलर की कमाई की है, जिसमें से 11 फीसदी इक्विटी से आया है। अनुमान है कि पिछले दशक में भारतीय परिवारों ने 8.5 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति जोड़ी है, जिसमें से लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर इक्विटी से आया है।

इसके अलावा भारत में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप मार्च 2014 से बढ़कर अब 5.4 ट्रिलियन हो गया है। यह भारतीय बाजार को ग्लोबल स्तर पर पांचवे स्थान पर पहुंचा देता है। मॉर्गन स्टेनली के एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय परिवार अब भी इक्विटी में कम निवेश कर रहे हैं और वह आगे बढ़ सकती है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार गिरावट के काल में घरेलू बैलेंस शीट का केवल 3 फीसदी इक्विटी में निवेश किया गया है। दो दशकों में भारतीय शेयरों और अर्थव्यवस्था का व्यवहार दूसरे वित्तीय संकटों के मुकाबले स्थिर रहा है, जिससे भारतीय बाजार को टिकाऊ बनाता है।

दोबारा बैलेंस शीट में इक्विटी का हिस्सा बढ़ने की संभावना है। इस दौरान सोने और शेयरों के मेल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिससे परिवारों को अच्छा रिटर्न मिला है। सोने की प्रतिष्ठा इतनी ही महत्वपूर्ण है कि घरेलू संपति में सोने की हिस्सेदारी बढ़ी है और इससे फायदा हुआ है। पिछले कुछ वर्षों से सोने और शेयरों ने भारत में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, जबकि प्रॉपर्टी की प्रदर्शन कम रही है। एक दशक में इक्विटी बचत में तेजी आई है और आने वाले समय में भी इक्विटी का हिस्सा बढ़ सकता है। यह विश्वस्तरीय निवेश को अच्छे संकेत की ओर देता है और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है।

# अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद बढ़ता जा रहा एसपीआईईएफ

**- एसपीआईईएफ का सालाना कार्यक्रम 2025 में होगा**

**नई दिल्ली ।**

सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकानॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ) के एक वेरिष्ठ अेधिकारी ने देशों के बीच जनता के सहयोग को मजबूत करने की दिशा में कारोबारियों की संख्या में वृद्धि का उल्लेख किया। अमेरिका और पश्चिमी देशों की रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद भारत-रूस व्यापार में वृद्धि की उम्मीदें निहित हैं। उन्होंने बताया कि कोविड के दौरान 13,000 से बढ़कर अब 21,000 प्रतिभागी इस व्यापक मंच में शामिल हो गए हैं। भूराजनीतिक तनावों के बीच अमेरिका ने रूस पर और भारत के संबंधों में नये प्रतिबंध लगाने की कवायद की।

एसपीआईईएफ के माध्यम से भारत और रूस के बीच आगे के साथ 2030 तक 100 अरब डॉलर का व्यापार होने की उम्मीद जताई गई है। इस मंच के माध्यम से पिछले साल 6.5 अरब रूबल के सौदे किए गए हैं और इसमें भारत का महत्वपूर्ण स्थान है। भारत और रूस के बीच विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े कारोबार मजबूत हो रहे हैं, खासकर आईटी, ऊर्जा और रक्षा सेक्टर में।




एसपीआईईएफ का सालाना कार्यक्रम 2025 में होगा जहां इन मामलों पर चर्चा होगी और व्यापारिक सहयोग को और मजबूती दी जाएगी। अंत में निदेशक ने उत्‍कृष्ट भविष्य की प्रेरणा संकेत की और मंच को कारोबार और पारंपरिक संबंधों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण साधन मानने की भावना जताई।

# एफपीआई को एफडीआई में बदलना होगा आसान

## फेमा के मानदंडों के अनुसार एफपीआई निवेश की लागत में 10 फीसदी की सीमा निर्धारित

**नई दिल्ली ।**




विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए निर्धारित सीमा से अधिक इक्विटी होल्डिंग के अधिग्रहण के मामले में सरकार ने निवेश वाली कंपनियों से भी सहमति लेने की जरूरत घोषित की है। भारतीय रिजर्व बैंक और बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने इस बारे में गाइडलाइंस जारी की हैं। इस निर्देश के अनुसार एफपीआई द्वारा किए गए विदेशी निवेश को एक नए सिरे से वर्गीकृत करने के लिए एक संचालन फ्रेमवर्क लागू किया गया है। इसमें निर्धारित सीमा के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई का उल्लेख है। फेमा (विदेशी मुद्रा कार्यक्रमा) के मानदंडों के अनुसार एफपीआई निवेश की लागत में 10 फीसदी की सीमा निर्धारित की गई है। इस सीमा के उल्लंघन पर एफपीआई को अपनी अतिरिक्त होल्डिंग्स को बेचने या एफडीआई में वर्गीकृत करने का विकल्प दिया गया है। इन सभी नियमों के तहत, ऐसे कार्यों के लिए पांच दिनों की समय सीमा होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि इस नए संचालन फ्रेमवर्क से भारतीय कंपनियों में अधिक एफपीआई निवेश को बाधापूर्वक करेगा और सरकार को निवेश पर मंजूरी लेनी होगी। यह नियम भारतीय कंपनियों के लिए एफपीआई निवेश का मार्ग प्रशासित करेगा, लेकिन इसमें सीबीआईडीटी से कोई स्पष्टीकरण नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि इस निवेश को भी एफडीआई के तौर पर माना जाए। इसका मतलब है कि निवेश के बाद बिक्री पर टीडीएस देना होगा। इस तरह के क्षेत्रों में एफपीआई निवेश को एफडीआई में नए सिरे से वर्गीकृत करने की अनुमति नहीं होगी।

इस नए निर्देश के अनुसार एफपीआई निवेशकों को एफडीआई में अधिग्रहण करने के लिए सरकार से मंजूरी लेने की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही एफपीआई को अपने निवेश को एफडीआई में वर्गीकृत करने के इरादे को भी स्पष्ट करना होगा।

# शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश उच्च स्तर पर

**- अक्टूबर में निवेश 22 फीसदी बढ़कर 41,887 करोड़ रुपये पर**

**नई दिल्ली ।**



शेयर बाजार में हाल के उतार-चढ़ाव ने निवेशकों को अक्टूबर महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) योजनाओं में महत्वपूर्ण निवेश करने से नहीं रोका। अक्टूबर के दौरान इन योजनाओं में निवेश 22 फीसदी के सर्वकालिक उच्च स्तर 41,887 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पहले किसी भी महीने में इक्विटी एमएफ में सबसे अधिक निवेश जून 2024 में 40,608 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। विशेषज्ञों ने कहा है कि बाजार में गिरावट के बीच, निवेशकों ने इक्विटी एमएफ योजनाओं में निवेश करने का अवसर जब्त कर लिया, जिससे इस सेगमेंट में रिकॉर्ड निवेश हुआ। बाजार के जानकारों के मुतोबिक अक्टूबर में बाजार में सुधार ने निवेशकों को अच्छा निवेश अवसर प्रदान किया। इक्विटी एमएफ सेगमेंट में लगातार 44वें महीने शुद्ध निवेश दर्ज किया गया। उद्योग निकाय एएमएफआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में 25,323 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश किया गया, जबकि न्यू फंड ऑफर में 4,047 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ। वहीं एनएफओ में मजबूत आंकड़ों के कारण इस श्रेणी में मजबूत शुद्ध बिक्री के आंकड़े सामने आए। लार्ज-कैप उन्मुख योजनाओं में निवेश जारी है। अक्टूबर में लार्ज और फ्लेक्सी कैप फंड में कुल 8,633 करोड़ रुपये का निवेश किया गया, जबकि स्मॉल और मिड कैप फंड में 8,455 करोड़ रुपये का थोड़ा कम निवेश हुआ। अक्टूबर में शेयर बाजार में तेज गिरावट का कारण कंपनियों के निराशाजनक तिमाही नतीजे और अमेरिकी चुनावों से पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली थी। अक्टूबर में निफ्टी 50 6.2 फीसदी की गिरावट के साथ और सेंसेक्स 5.8 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

# देश को पहला रंगीन टीवी देने वाले वेणुगोपाल के बैंक खाते और शेयर भी होंगे जब्त

**- सेबी ने वेणुगोपाल को 15 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने को कहा था**

**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार की निगरानी करने वाली संस्था भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने लगभग 68.5 लाख रुपये का बकाया वसूलने के लिए वेणुगोपाल धूत और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज की प्रमोटर यूनिट इलेक्ट्रोपाट्र्स (इंडिया) के बैंक खातों, शेयरों और म्यूचुअल फंड होल्डिंग को कुर्क करने का आदेश दिया है। इससे पहले सेबी ने 30 सितंबर को वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज की प्रवर्तक इकाई इलेक्ट्रोपाट्र्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड और इसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वेणुगोपाल धूत को नोटिस भेजा था। नोटिस में उन्हें वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज के शेयरों में इनसाइडर ट्रेडिंग गतिविधियों के एक मामले में 15 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने को कहा गया था। धूत और इलेक्ट्रोपाट्र्स (इंडिया) के जुर्माने न देने पर ताजा कार्यवाही की गई। हाल ही में जारी दो कुर्की आदेशों में बाजार नियामक ने लंबित बकाया राशि की वसूली के लिए वेणुगोपाल धूत और इलेक्ट्रोपाट्र्स (इंडिया) के बैंक, डीमैट खातों और म्यूचुअल फंड होल्डिंग को जब्त करने का आदेश दिया है। कभी भारत के अमीरों की सूची में 61वें स्थान पर रहे वीडियोकॉन के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत लोन फ्रॉड केस में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं लेकिन अब उनकी कंपनी वीडियोकॉन दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। भारत में पहला कलर टेलीविजन पेश करने वाली वीडियोकॉन और इसके मालिक वेणुगोपाल धूत आईसीआईसीआई-वीडियोकॉन लोन फ्रॉड केस में आरोपी हैं। साल 1985 में वेणुगोपाल के पिता नंदलाल माधवलाल धूत ने वीडियोकॉन इंटरनेशनल की स्थापना की थी। कुछ ही सालों के अंदर यह कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और होम एप्लायंसेज में भारत की टॉप कंपनी बन गई। वेणुगोपाल की लीडरशिप में वीडियोकॉन का कारोबार खूब बढ़ा। भारत के अलावा वीडियोकॉन ने चीन, मैक्सिको, पोलैंड और इटली में भी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किए।

# एडीबी ने मालदीव को दिया 21.95 मिलियन डॉलर का ऋण-अनुदान

**- वित्तपोषण केज में चार मिलियन डॉलर का रियायती ऋण, 17.95 मिलियन डॉलर का अनुदान शामिल**

**मनीला ।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कहा कि उसने मालदीव की जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की क्षमता बढ़ाने और उसकी खाद्य प्रणालियों की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए 21.95 मिलियन डॉलर के वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दी है। एडीबी ने बताया कि वित्तपोषण केज में चार मिलियन डॉलर का रियायती ऋण और 17.95 मिलियन डॉलर का अनुदान शामिल है। मनीला स्थित बैंक ने कहा कि जलवायु लचीलापन और खाद्य सुरक्षा बढ़ाने वाली परियोजना, अड्डू शहर और माले में पूर्व चेतावनी प्रणालियों को उन्नत करके आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रति देश की स्थिति को मजबूत करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन उपायों से मालदीव मौसम सेवा को रियल टाइम मौसम निगरानी और अग्रिम चेतावनी प्रणाली स्थापित करने में मदद मिलेगी। यह परियोजना उत्तरी मालदीव के सबसे अधिक आबादी वाले द्वीप कुल्हुधुफ्फुशी को भी बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन में सुधार करने में मदद करेगी।




# कोका-कोला इंडिया के लाभ में आयी 41.82 प्रतिशत की गिरावट

**- कंपनी का मुनाफा 2023-24 में 42 प्रतिशत घटकर 420.29 करोड़ रुपए**

**नई दिल्ली ।** कोका-कोला इंडिया ने अपने आर्थिक अंकड़ों की जानकारी जारी की है, जिसमें खुशखबरी और चुनौती दोनों शामिल हैं। प्रमुख पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपने लाभ में 41.82 प्रतिशत की गिरावट देखी है, जिससे लाभ 420.29 करोड़ रुपये रह गया है। इसी दौरान कोका-कोला इंडिया की कुल आय मार्च 2024 तक 4.24 प्रतिशत बढ़कर 4,713.38 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी ने कंपनी रजिस्ट्रार को इस विवरण की सूचना दी है। इसके साथ ही कंपनी की कुल वार्षिक आय मार्च 2024 तक 4.19 प्रतिशत बढ़कर 4,801.84 करोड़ रुपये हो गई है। कोका-कोला इंडिया के इन वित्तीय आंकड़ों के साथ कंपनी ने अपने कारोबार को माज़बूती से फिर से साबित किया है और विपक्षियों की नैतिक समर्थन को छूने की कौशल की सामर्थ्य साबित की है।

# 3.53 प्रतिशत की उछाल के साथ सूचीबद्ध हुआ सैजिलिटी इंडिया का शेयर

**नई दिल्ली ।** भारत की स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं देने वाली भारतीय कंपनी सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के शेयर का मंगलवार को एक महत्वपूर्ण उछाल देखने को मिला। इस उछाल के साथ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) दोनों पर इसका सूचीबद्ध होने का बड़ा जश्न मनाया गया। शेयर का मूल्य इस उछाल के बाद बीएसई पर 32.16 रुपये पर पहुंचा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 15,059.83 करोड़ रुपये रहा, जिसमें बढ़ोतरी के साथ नए निवेशकों की भागीदारी भी देखने को मिली। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने बेंगलुरु स्थित कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में सफलता हासिल की और बड़े निवेशकों से 945 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए। आईपीओ के अंतिम दिन 3.20 गुना अभिदान मिलने के बाद नए और पुराने निवेशकों के बीच विश्वास को मजबूती मिली और बाजार में सुविधा और निवेश के लिए एक बेहतर विकल्प के रूप में सैजिलिटी इंडिया का नाम सामने आया। कंपनी ने आईपीओ में 70.22 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश पर आधारित थी, जिसे मूल्य दायरा 28-30 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। इस उच्चारण में सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने एंकर निवेशकों से बड़ी रकम जुटाई, जिससे कंपनी के निर्माण में और भी प्रगति हो सकती है।

# इंडिगो ने बोइंग विमानों की वेट लीज अवधि बढ़ाने का काम शुरू किया

**- नागर विमानन मंत्रालय के साथ कर रही है काम**

**नई दिल्ली ।** भारतीय विमानन कंपनी इंडिगो ने नागर विमानन मंत्रालय के साथ मिलकर दो बोइंग 777 विमानों की वेट लीज अवधि बढ़ाने का काम शुरू किया है। इन विमानों का संचालन अब तक दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल तक की उड़ानों के लिए किया जा रहा है। इंडिगो की ओर से जारी बयान में बताया गया कि उसने मंत्रालय के साथ समाधान तलाशने के लिए काम शुरू किया है। नई दिल्ली के विमानन सूत्रों के मुताबिक इंडिगो को अभी तक वाईल्ड बॉडी विमानों की विमान पट्टे पर दी गई अवधि में विस्तार नहीं मिल पाया है। कंपनी की ओर से वेट लीज को बढ़ाने के साथ-साथ उनके चालक दल और भी जरूरतों को पूरा करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इंडिगो ने घोषित किया कि 14 नवंबर तक इस्तांबुल के लिए दिल्ली और मुंबई से दो बोइंग 777 विमानों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा, 15 नवंबर से एयरलाइन अन्य मार्गों पर ए321 विमानों का संचालन भी करेगी। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी है और उसकी घरेलू बाजार में हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से अधिक है। उसने अगले कुछ दिनों में और विमानों का परिचालन करने की योजना बनाई है ताकि यात्रियों को सुविधा प्रदान की जा सके।




# शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद

**सेंसेक्स 820 , निफ्टी 288 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बीच ही हर क्षेत्र में गिरावट हावी रहने से आई है। इससे बाजार पर जबरदस्त दबाव पड़ा और वह टूट गया। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार निकास और कंपनियों के कमजोरी तिमाही परिणामों से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1.03 फीसदी करीब 820.97 अंक की बड़ी गिरावट के साथ ही 78,675.18 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.2 फीसदी तकरीबन 288.80 अंक की गिरावट के साथ ही खिसक कर 23,852.50 के स्तर पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से एनटीपीसी का शेयर सबसे ज्यादा 3.16 फीसदी गिरा। इसके अलावा एचडीएफ़सी बैंक, एशियन पेंट्स, स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, नेस्ले इंडिया, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलएंडटी, अल्ट्रा सीमेंट, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयर भी नीचे आये।

वहीं दूसरी और सनफार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टीसीएस के शेयर लाभ पर बंद हुए जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में कोई बदलाव नहीं आया।

बाजार जानकारों के अनुसार विदेशी निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली और वैश्विक बाजारों से कमजोर रुझानों के बीच ही बाजार में ये गिरावट दर्ज की गीय।



अमेरिका को लेकर निवेशकों की चिंता से वैश्विक शेयर मंगलवार को दबाव में आ गए।

वहीं इससे पहल आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआत बढ़त के साथ हुई। इससे पहले लगातार तीन सत्रों से शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 250 अंक की बढ़त के साथ 79,746 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 ने 84.5 अंक की तेजी के साथ 24,225 पर कारोबार की शुरुआत की। वहीं एशियाई बाजारों में जापान का बाजार उछला जबकि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया का बाजार नीचे आया। हांगकांग के फ्यूचर्स में गिरावट का संकेत मिला, जो चीनी प्रोत्साहन उपायों को लेकर निराशा का परिणाम था। कल रात अमेरिकी शेयर बाजार में मिला-जुला रुख रहा।

# एआई एक्सप्रेस ने बनाई इकोनॉमी क्लास सीट पर अधिक ध्यान देने की योजना

**- एयर इंडिया एक्सप्रेस करीब 110 विमानों के बेड़े को बढ़ाएगा**

**नई दिल्ली ।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अप्रैल 2025 से इकॉनमी क्लास सीट पर अधिक ध्यान देने की योजना बनाई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने खुलासा किया कि कंपनी बिजनेस क्लास सीट वाले विमानों का पुनरीक्षण करने की योजना बना रही है और वंश ऑफरिंग में इकोनॉमी क्लास सीट के मामले में नए पहलु को लाना चाहती है। इस कदम के समर्थन में एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एआईएक्स कनेक्ट के साथ विलय किया है और प्लान किया है कि करीब 110 विमानों के बेड़े को बढ़ाएगा। विमानन कंपनी वर्तमान में बिजनेस और इकोनॉमी क्लास सीट देखभाल कर रही है और एप्रिल 2025 से बिजनेस क्लास सीट वाले विमानों का पुनरीक्षण शुरू करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की इस पहल का मुख्य उद्देश्य है छोटे शहरों और कस्बों को महानगरों से जोड़ने के साथ-साथ नए अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानें चलाना। इससे उन्हें अधिक यात्राओं का पुश दिया जा सकेगा और यातायात का डोमेन बढ़ाने में मदद मिलेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक ने बताया कि यह कदम उनके उद्देश्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है और उनकी टीम छोटे और मझोले शहरों की यात्राओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के लिए तत्पर है।

# अमेजन व फ्लिपकार्ट की जांच ने पकड़ी रफ्तार

**- अधिकारी हो सकते हैं तलब**

**नई दिल्ली ।**

ई-कॉमर्स से जुड़ी हाल ही में आई घटनाओं की रोशनी में अब फ्लिपकार्ट और एमेजॉन के विक्रेताओं पर आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारियों ने उनके खिलाफ गंभीर कार्रवाई की संभावना बढ़ा दी है। इस आरोप में उन्हें एक अवैध तरीके से विदेशी निवेश नियमों का उल्लंघन किया जाने का आरोप लगाया गया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक चल रही जांच में पाया गया कि दोनों कंपनियों ने कुछ चुनींदा विक्रेताओं को भंडार करने के लिए कानून का उल्लंघन किया है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि सरकार ने उन्हें वॉलमार्ट के निवेश वाली फ्लिपकार्ट और एमेजॉन पर नियामकीय जांच की दिशा में गंभीरता बढ़ाने का फैसला किया है। अब टूट पड़ी स्थिति में दोनों कंपनियों ने कहा कि वे सभी कानूनों का पालन कर रहे हैं, हालांकि सरकार ने यह दावा किया है कि इस तकनीक से विदेशी निवेश नियमों का उल्लंघन किया गया है। इस विवाद के बीच, विभिन्न स्तरों पर जांच की गई है और मामले की गहराई में झांकने की कार्रवाई की जा रही है। यह उत्थान आत्मविश्वास बढ़ाता है कि भारतीय ई-कॉमर्स बाजार में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है और सरकार स्पष्टीकरण के लिए कठिनाई बढ़ा रही है। निदेशालय ने




कहा है कि छापेमारी की अदालती प्रक्रियाओं में पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों और लेनदेन के तरीकों की भी जांच करेगा। फ्लिपकार्ट और एमेजॉन के विक्रेताओं की भविष्य में क्या होगा, यह अब इंतजार करता है कि जांच प्रक्रिया कैसे प्रगति करती है और क्या उनके खिलाफ कोई आरोप साबित होता है। जनता के मन में यह प्रश्न खड़ा है कि क्या यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारियों की कार्रवाई निष्पादित होगी या नहीं।

# पर्यटन मंत्री ने ‘चलो इंडिया’ अभियान को बढ़ावा देने का किया आह्वान

**- भारतीय प्रवासियों की मदद से देश के पर्यटन स्थलों का प्रचार किया जाएगा**

**लंदन ।** पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों से ‘चलो इंडिया’ अभियान को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इसका मकसद है विदेश में रहने वाले भारतीयों को देश में मौजूद पर्यटन स्थलों की यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करना। मंत्री ने विश्व यात्रा बाजार (डब्ल्यूटीएम) के दौरान ‘चलो इंडिया’ पहल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण पहल बताया। इसके अंतर्गत भारतीय प्रवासीयों की मदद से देश के पर्यटन स्थलों का प्रचार किया जाएगा। इस अभियान के तहत विदेशी मेहमानों के लिए नि:शुल्क ई-पर्यटक वीजा की पेशकश भी की जा रही है। मंत्री ने कहा कि चलो इंडिया के साथ हम सब मिलकर दुनिया को विकसित भारत की भव्यता, गौरव तथा विकास गाथा का अनुभव कराएं। इस मुख्य घटना में उपस्थित भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने भी इस अभियान की महत्वपूर्णता को समझाया और सभी प्रवासी भारतीयों से एक अद्भुत भारत के राजदूत बनने का आमंत्रण दिया।

# भोटिंग करुवायेक ले डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टी होलयं रवाना

रांची। पहिल चरन में रांची संगे झारखंड कर 43 गो बिधानसभा सीट में 13 नवंबर के भोटिंग होवेक हय। पहिल चरन कर मतदान ले डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टी के रवाना करल गेलक। रांची जिला में पहिल चरन में तमाड़, रांची, हटिया, कांके आउर मांडर बिधानसभा छेतर में मतदान होवेक हय। बिधानसभा निर्वाचन 2024 कर तहत सुदूरवर्ती छेतर इस्थित मतदान केंद्र में निर्वाचन काम के संपन्न करुवायेक ले मतदान दल के वायु मार्ग से गंतव्य अस्थल कर दने रवाना करल गेलक। देखू तस्बीर।











# एनएसएस आपन क्रियाकलाप के माई भारत पोर्टल में अपलोड करयं : लोचन

सोनू सपवार




**रांची।** भारत सरकार कर जुवा कार्जकरम आउर खेल मंत्रालय कर सचिव श्रीमती मीता राजीव लोचन झारखंड कर राजधानी रांची पहुंचलयं। उनकर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा में सोवागत आउर अभिनंदन झारखंड कर खेल निदेसक संदीप कुमार, राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार, राज्य निदेसक एनवाईकेएस श्रीमती ललिता कुमारी, अनुमंडलीय शिक्षा पदाधिकारी दीप्ति कुमारी कर संगे एनएसएस कर स्वयंसेवकमन करलयं।

ई अवसर में श्रीमती मीता राजीव लोचन कहलयं कि सामाजिक काम में एनएसएस कर द्वारा महतपूर्न जोगदान देवल जाथे। ऊ स्वयंसवकमन से नवंबर आउर दिसंबर कर कार्ज जोजना कर चरचा करते कहलयं कि माई भारत पोर्टल जुवामन ले बहुते काम कर लागे। उनकर बिकास में सहजोगी हेके। सचिव कहलयं कि एनएसएस कर द्वारा करल जायेक वाला क्रियाकलाप के माई भारत पोर्टल में अपलोड करेक हय, ताकि उनकर काम के गोटा देस देइख सकयं। ऊ बतालयं कि बिधानसभा निर्वाचन में एनएसएस कर माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चलाल जात हे। स्वच्छता अभियान भी परभावी ढंग से आयोजित करल गेलक।

सचिव बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से हे छत्तीसगढ़ कर जशपुर ले रवाना होय गेलयं। उनकर संगे खेल निदेसक संदीप कुमार भी गेलयं। गुमला में कटिक देरी आराम करबयं। हुवां से जशपुर जाबयं।

राइज एन एस एस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार बतालयं कि सचिव 13 नवंबर, 2024 के जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस पदयात्रा में सामिल होंबयं। जशपुर से फिर 14 नवंबर के रांची कर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से बिहाने नई दिल्ली ले प्रस्थान करबयं।

आइज बिहाने भारत सरकार कर जुवा कार्जकरम आउर खेल मंत्रालय कर संयुक्त सचिव नीतीश कुमार मिश्रा जशपुर ले रांची से प्रस्थान करलयं। ऊ सचिव कर कार्जकरम कर मॉनिटरिंग करबयं। सोवागत कार्जकरम में एनएसएस कर टीम लीडर्स रुपाली यादव, पुरुषोत्तम कुमार, अतुल कुमार, क्षणिका रानी, रिकेश भारद्वाज, आदर्श कुमार, रिया कुमारी, आकाश मुंडा, संकल्प कुमार, रौशनी कुमारी, रौनक जायसवाल, नवीन किशोर संगे आउर अदमीमन भी सामिल होलयं।

## सीएमपीडीआई : प्रतिजोगितामन कर बिजेता पुरस्कृत





**रांची।** सतर्कता जागरुकता सप्ताह-2024 कर उपलछ में सीएमपीडीआई चित्रकला प्रतिजोगिता आउर ऑनलाइन सवाल प्रतिजोगिता कराय रहे। इकर बिजयी प्रतिभागीमन कर संस्थान कर मुध सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा पुरस्कृत करलयं। ई मउका में सतर्कता बिभाग कर वरीय अधिकारी उपस्थित रहयं।

सीएमपीडीआई कर द्वारा 28 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2024 तक 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' थीम उपरे सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2024 मनाल गेलक। सतर्कता जागरुकता सप्ताह कर दउरान समूह-1 में नर्सरी से बर्ग-2 तक ले आयोजित चित्रकला प्रतिजोगिता में पहिल-आयान शेख, दूसर-निवान्न जैन आउर तीसर अस्थान में सैयद तहमीद मंजूर रहयं।

समूह-2 में बर्ग-2, 3 आउर 5 तक में पहिल- जेस्विथा विश्वास, दूसर- अलीशा आउर तीसर जहरीन सुल्ताना रहयं। समूह-3 में कछा-6 से 8 तक में पहिल-रश्मि कुमारी रजक, दूसर- के लस्या प्रिया आउर तीसर अस्थान में रहेक वाला श्रेयश सिंह के पुरस्कृत करल गेलक।

कार्जपालक बर्ग ले आयोजित ऑनलाइन सवाल प्रतिजोगिता में पहिल- तिरूमाला राव गोराला, दूसर- एसके गुप्ता आउर तीसर अस्थान अजय यादव के भेंटालक। गैर-कार्जपालक बर्ग में पहिल- आशीष रंजन, दूसर-उम्मे श्रेया आउर तीय अस्थान ले विश्वजीत सेनगुप्ता के पुरस्कृत करल गेलक।

# लंबित वाद कर निपटारा कर बेस माध्यम हेके लोक अदालत : कविता कुमारी खाती

- पीएलवी कौशल्या देवी आउर शंकर महतो लोक अदालत कर देलयं जानकारी



**रांची।** झालसा कर निरदेस आउर न्यायायुक्त कर देइख रेइख में सिल्ली परखंड कर राधिका मैदान में डोर-टू-डोर 'विधिक सेवा आपके द्वार' कार्जकरम कर अयोजन मंगलवार के करल गेलक। जागरुकता कार्जकरम में एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती, कौशल्या देवी, शंकर महतो, ब्रीजेश कुमार, बंशीधर महतो आउर राजा पहुंचल रहयं।

अधिवक्ता कविता कुमारी खाती बाल-बिहा, दहेज परथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रून हत्या इत्यादि बिसय कर संबंध में नेयाय पायेक कर उपाय कर बारे में बतालयं। गंवईयामन के डालसा कर दन से निःसुल्क बिधिक सेवा पावेक कर तरीका कर बारे में बतालयं। ऊ कहलयं कि डायन बिसाही कर मामला में एक दूसर कर हत्या करेक बेस नखे। जागरुकता कार्जकरम के संबोधित करते शीला देवी आउर तारा मिंज गरीब तबका कर अदमीमन के बिरधा पेंसन आउर मजदूर निबंधन कार्ड आउर उकर से होवेक वाला फायदा कर बारे में बतालयं। इकर संगे-संगे पीएलवी घरे-घरे जाय के सउब कर दुःख-बथा के सुनलयं आउर पीड़ित मुआवजा कर बारे में भी बिस्तार से बतालयं। डालसा कर पीएलवी 14 दिसंबर के होवेक वाला रास्ट्रीय लोक अदालत कर जानकारी देलयं। तारा मिंज कहलयं कि नेयायालय में केऊ भी वाद लंबित हेके, तो रास्ट्रीय लोक अदालत कर दिन उकर निपटारा कराय सकीला।

रास्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामला, दीवानी से संबंधित मामला, श्रम से संबंधित वाद, बैबाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामला, चोक बाउंस कर मामला, बन बिभाग कर मामला, बिजली से संबंधित मामला, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामला संगे-संगे भूमि अधिगरहन, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद आउर बैबाहिक संबंधित मामला के चिन्हित कइरके पछकारमन के नोटिस भेजल जाथे।

# बायोफ्यूल मिसरन से देस आयात बिल में बचालक 91000 करोड़ रुपया



- भारत 2070 तक नेट सून्य कार्बन उत्सर्जन कर लछ हासिल कइर लेवी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम आउर प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी कहलयं कि बायोफ्यूल मिसरन कर माध्यम से देस आयात बिल में 91,000 करोड़ रुपया कर बचत कइर सकेला। ई पैसा कर उपयोग कृसि छेतर कर लाभ ले करल जाए सकेला। बेंगलुरु में 27वां ऊर्जा प्रौद्योगिकी सिखर सम्मेलन कर उद्घाटन करते आइज ऊ कहलयं कि भारत बैसबिक अस्तर में बायोफ्यूल मिसरन में दूसर अस्थान हासिल कइर हे। ऊ बिसवास जतालयं कि भारत समय से ढेइरे पहिले अगला बछर में हे 20 परतिसत बायोफ्यूल मिसरन कर लछ के हासिल कइर लेवी। केंद्रीय मंत्री कहलयं कि जइसे-जइसे हमिन कर रिफाइनरीमन हरित ऊर्जा कर दन बढ़त हे, देस ग्रीन हाइड्रोजन कर लछ के पावेक में सफल होवी। मंत्री कहलयं कि भारत कर ऊर्जा मांग 2047 तक ढाई गुना बइढ़ जाई। ऊ कहलयं कि भारत कर कच्चा तेल सिधन छमता 400 से 450 मिलियन मीट्रिक टन प्रति बछर तक पहुंइच जाए हे, जे बैसबिक औसत कर एक तिहाई हेके।

श्री पुरी कहलयं कि 2070 तक सुद्ध रूप से सून्य कार्बन उत्सर्जन लछ के पावेक ले देस के आपन प्रयास के दोगुना करेक होवी। ऊर्जा सुरछा, इस्थिरता आउर प्रौद्योगिकी नवाचार के ऊर्जा छेतर में लछमन के पावेक ले एके संगे काम करेक चाही। तीन दिनक ऊर्जा प्रौद्योगिकी सम्मेलन कर आयोजन सेंटर फॉर हाई टेक्नोलॉजी आउर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा करल गेलक। सम्मेलन में 1200 गो प्रतिभागी भाइग लेवत हयं, जेकर में 60 गो पत्र प्रस्तुत करल जाई। सम्मेलन में 23 एक्जीबिटर्स आपन नवीनतम तकनीक कर परदरसन करबयं। केंद्रीय मंत्री बछर 2023-24 ले पेट्रोलियम आउर प्राकृतिक गैस मंत्रालय कर द्वारा देवल जायेक वाला सउब से बेस ऊर्जा कुसल तकनीक पुरस्कारमन कर बितरन करबयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com